RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर



"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7, अंकः 140, शुक्रवार, 03 जुलाई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



डाइट छतौनी में व्याख्याता शिवनाथ कुमार राय को भावभीनी विदाई, शिक्षकों ने बताया आदर्श ... 03



गौ-सेवा के साथ लायंस क्लब ऑफ बीरगंज मेट्रो सिटी ने किया नए सत्र का शुभारंभ 04

आईने के सामने खुद को देख रो पड़ी थीं अविका गौर 07

## संक्षिप्त समाचार

### नगा-कुकी में फिर टकराव जबरदस्त तनाव में मणिपुर

#### समूहों के बीच फिर झड़प, उपद्रवियों ने 20 घरों को किया आग के हवाले

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के कामजोंग जिले में बुधवार को फिर से हिंसा भड़क गई। भारत-म्यांमार सीमा के पास के गांवों में नगा और कुकी गुटों के बीच हुई सशस्त्र झड़पों में 20 से ज्यादा घर जला दिए गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, हिंसा की शुरुआत सुबह हुई जब कुकी गांव के हथियारों से लैस लोगों ने नगा गांव पर हमला किया



और कम से कम 10 घरों में आग लगा दी। दोपहर में स्थिति और बिगड़ गई जब संदिग्ध उग्रवादियों और हथियारों से लैस गांव के स्वयंसेवकों ने इलाके के अन्य गांवों पर जवाबी हमले किए। बाद में हुई हिंसा में नगा समुदाय के कम से कम 12 और घर जला दिए गए। प्रभावित गांवों में सुरक्षा बलों को भेजा गया और हालात सामान्य करने के लिए इलाके में कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, लेकिन कड़ी नजर रखी जा रही है। हालात को और बिगड़ने से रोकने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं।

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

### सोनम की जमानत के खिलाफ 'सुप्रीम' शरण में पहुंची सरकार

**शिलांग (एजेंसी)।** बीते साल 2025 में हुए राजा रघुवंशी हत्या मामले में अब एक नया मोड़ सामने आया है। मेघायल में हनीमून के दौरान पति की हत्या करने की आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी की जमानत के खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। मेघालय सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से आरोपी की जमानत रद्द करने की मांग की है। मामले में सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एमएम सुंदरेश



और जस्टिस शील नागू की बेंच के सामने देश के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने गुरुवार को यह मामला उठाया। उन्होंने अदालत से इस याचिका पर तुरंत सुनवाई करने की मांग की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अब इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में दलील दी कि हाईकोर्ट ने मुख्य आरोपी को जमानत देकर गलती की है। आरोपी के देश छोड़कर भागने की पूरी आशंका है, इसलिए इस मामले की तुरंत सुनवाई जरूरी है।

### बेंगलुरु में पत्थर खदान में चट्टान गिरी, 8 की मौत

#### सभी मजदूर बिहार के रहने वाले, 18 लोग काम कर रहे थे

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेंगलुरु में गुरुवार सुबह पत्थर खदान पर हुए हादसे में 8 मजूदरों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सभी मजदूर बिहार के रहने वाले थे। घटना के दौरान 18 मजदूर का कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, साउथ तालुक इलाके में मौजूद कावेरी क्रशर कंपनी की



खदान में खनन चल रहा था। इसी दौरान 40 फीट ऊंचाई से चट्टान का बड़ा टुकड़ा मजदूरों पर गिरा। घटना में कई मजदूर घायल भी हुए हैं। सभी का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। एक्सकेवेटर चला रहे परशुराम ने बताया कि काम शुरू करने के लिए जैसे ही मैं मौके पर पहुंचे और मशीन चालू की, तभी पहाड़ी का एक हिस्सा ढह गया। मैं पक्के तौर पर नहीं कह सकता, लेकिन उस समय नीचे करीब 18 लोग काम कर रहे थे। हादसा इतना अचानक हुआ कि मजदूरों को संभलने का मौका ही नहीं मिला। मलबे में दबे 4 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया।

# बॉर्डर से लगते गांवों के लिए 'फरिश्ता' बन रही बीएसएफ

## पंजाब में बंधुआ मजदूरों के लिए बनी सहारा, परिजनों से करवा रही मुलाकात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब में पाकिस्तान बॉर्डर से लगते गांवों में बंधुआ मजदूरी करने वाले भोले-भाले और दिमागी रूप से थोड़े कमजोर लोगों के लिए यहां तैनात बीएसएफ की 100वीं बटालियन फरिश्ता बन रही है। इस बटालियन ने दूसरे राज्यों से भटककर आने इस तरह के पांच मजदूरों को उनके परिजनों से मिलवाने का काम किया है। जो दूसरे राज्यों से भटककर यहां आ पहुंचे थे। फिर इन्हें रेलवे स्टेशन और बस अड्डे से उठाकर सीमावर्ती गांवों में ले जाया गया। जहां इनसे दिन-रात बंधुआ मजदूरों की तरह काम लिया जा रहा था।



- **बंधुआ मजदूरों को मुक्त करा रही बीएसएफ-** इसी तरह के एक ताजा मामले में पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ की 100वीं बटालियन के कमांडेंट अजय तिवारी के नेतृत्व में बीएसएफ की टीम ने बेहद सराहनीय कार्य करते हुए उड़ीसा के रहने वाले एक शख्स को बंधुआ मजदूरी से मुक्त कराया। जो सात महीने पहले किसी तरह से अपने घर से भटक कर यहां आ पहुंचा था। इनसे यहां खेत और पशुओं को चारा खिलाने और भैसों का दूध निकलवाने का काम कराया जा रहा था। वह भी बिना किसी मेहनताना दिए हुए। सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ की इस 100वीं बटालियन को इसकी भनक लग गई थी।

### बीएसएफ का साथ, ऐसे बिकाश अपने परिजनों तक पहुंचे

तभी बीएसएफ के एक अधिकारी की नजर इनके ऊपर पड़ी। इनसे पूछताछ की गई तो इन्होंने उड़ीसा का नाम ना बताते हुए केवल अपने गांव का नाम बताया। फिर उस गांव की सर्च करने पर पता लगा कि वह गांव उड़ीसा के बालासोर जिले में है। वहां बीएसएफ की टीम के एक हवलदार को भेजकर घर वालों से बिकाश के बारे में सारी जानकारी ली गई। मामला पता लग गया कि यह दिसंबर 2025 से अपने घर से किसी तरह से लापता हो गए थे। इसके बाद इनके परिजनों को अमृतसर बुलाया गया। जहां बीएसएफ ने बिकाश को उनके सुपुर्द किया। सूत्रों का कहना है कि पंजाब में पाकिस्तान बॉर्डर से लगते गांव मुल्लाकोट, मोदे, धनुआ खुर्द, रानियो, पिंडोरी और बच्ची भिंड समेत कई गांवों में इस तरह से रास्ता भटके करीब 150 लोगों के बंधुआ मजदूरी करने का शक है। सूत्रों का कहना है कि इस बात को सोचते हुए दो दिन पहले ही बीएसएफ अधिकारियों ने बॉर्डर से लगते गांवों के किसान और डेयरी चलाने वालों की मीटिंग कर कहा है कि अगर उनके घर में कोई बंधुआ मजदूरी कर रहा है तो उसे बीएसएफ को बताएं।

# विभाजन के बाद भारत आने वाले लोग शरणार्थी नहीं थे

- भागवत ने विस्थापितों के संघर्ष को सराहा, कहा-वह योद्धा थे
- बोले-धर्म के प्रति प्रेम के कारण कठिनाइयों और दर्द को झेला
- विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए कभी हार नहीं मानी

**नागपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि 1947 के विभाजन के बाद भारत आने वाले लोग शरणार्थी नहीं थे, बल्कि संघर्ष के योद्धा थे जिन्होंने मातृभूमि और धर्म के प्रति प्रेम के कारण कठिनाइयों और दर्द को झेला। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने पाकिस्तान में अपनी संपत्ति और व्यवसाय छोड़कर भारत आने का निर्णय लिया। भागवत नागपुर में सिंधु एजुकेशन सोसाइटी के 75वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस सोसाइटी का संचालन सिंधी समाज की ओर से किया जाता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि विभाजन के बाद इन लोगों ने जानबूझकर भारत आने का निर्णय लिया, क्योंकि वे उस भूमि में रहना चाहते थे जहां वे बिना



किसी डर के अपने धर्म का पालन कर सकें। उन्होंने कहा-वे शरणार्थी नहीं थे, हालांकि वे विस्थापित थे। वे योद्धा थे जिन्होंने अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम के चलते कष्ट झेला। उन्होंने करियर या धन नहीं, बल्कि देश और धर्म को चुना। जीवन की कठिनाइयों पर उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए किसी को हार नहीं माननी चाहिए, बल्कि फिर से उठने का प्रयास करना चाहिए। अंततः सफल भी वही होता है। उन्होंने सिंधु एजुकेशन सोसाइटी की 75 वर्षों की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे पड़ाव किसी संस्था के किए गए कामों की समीक्षा करने के लिए पर्याप्त हैं।

### ममता से अलग हुआ बागी गुट बोला-हम असली टीएमसी

**नई दिल्ली/कोलकाता (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट ने गुरुवार दोपहर चुनाव आयोग से मुलाकात की। बागी गुट का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मिला। विधायकों ने पार्टी में हुए संगठनात्मक बदलावों और नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी को मान्यता देने की मांग की। मुलाकात के बाद बागी गुट के नेता ऋतब्रत बनर्जी ने कहा- हम ही असली टीएमसी हैं, चुनाव आयोग ने हमारी बात सुनी। उम्मीद है वे जल्द फैसला लेंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में 22 जून को कोलकाता में प्रतिनिधि बैठक हुई थी। इसमें नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 30 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया था। चुनाव में हार के बाद 3 जून को टीएमसी के 80 में से 58 विधायक टूट गए थे।

# चंदा चोर आरोपियों के घर बुलडोजर चलाने की तैयारी

- पुलिस जांच के लिए एक बार फिर राम मंदिर पहुंची
- चंपत राय पर एफआईआर के लिए वकीलों का प्रदर्शन



**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में अब ट्रस्ट के सदस्यों के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। पहली बार राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास महाराज ने पूर्व पदाधिकारी गोपाल राव पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा- पूरी गलती गोपाल राव की है। वे राजनीति कर रहे हैं। वो सबको उलझा देते हैं। वो राम की परंपरा नहीं मानते। गोपाल राव राम मंदिर के निर्माण प्रभारी और ट्रस्ट के आमंत्रित सदस्य थे। मूल रूप से कर्नाटक के रहने वाले हैं। इस बीच, सुबह 11.45 बजे अयोध्या में 500 से ज्यादा वकील सड़क पर उतर आए।

- **ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा से पूछताछ संभव-** पुलिस ने अयोध्या जेल में 30 जून को आरोपी अविनाश शुक्ला से पूछताछ की थी, अब आगे जांच कर रही है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से रविवार को 3 घंटे पूछताछ हो चुकी है। अब उसे क्रॉस चेक करने के लिए अनिल मिश्रा से आज पूछताछ हो सकती है। आरोपियों लवकुश मिश्रा और अनुकल्प मिश्रा की नियुक्ति में उनके रोल की पड़ताल करेगी।

# पीएम मोदी ने पीएम सनाए को बताया अपनी छोटी बहन

- कहा-विश्व पटल पर भारत-जापान गढ़ेंगे नए आयाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान की पीएम सनाए तकाइची ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में भारत-जापान वार्षिक समिट में हिस्सा लिया। इसके बाद साझा प्रेस वार्ता में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने दोनों देशों की साझेदारी को और सुदृढ़ करने का संकल्प दिया। प्रेस वार्ता की शुरुआत करते हुए पीएम मोदी ने जापानी प्रधानमंत्री तकाइची को अपनी छोटी बहन कह कर संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वो जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री भी हैं और एक दूरदर्शी और लोकप्रिय नेता भी हैं। प्रधानमंत्री ताकाइची और मेरा विश्वास है कि टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप हमारे सहयोग का सबसे मजबूत स्तंभ बनेगी। इसी विजन को साकार करने के लिए, आज एआई के क्षेत्र में हमने एक ज्वाइंट स्टेटमेंट जारी किया है।

**प्रधानमंत्री ने किया जी-7 समिट का जिक्र-** पीएम मोदी ने आगे कहा कि सनाए तकाइची नारा प्रीफेक्चर से आती हैं, जो साझा बौद्ध विरासत का केंद्र है। जी-7 में मैंने कहा था कि उथल पुथल के माहौल



में यह एक वैश्विक स्ट्रेटजिक एसेट है। भारत-जापान की साझेदारी इस कसौटी पर खरी उतरती है। पिछले कई दशकों में ऑटोमोटिव से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स तक में जापान ने भारत की ग्रोथ स्टोरी का अहम हिस्सेदार बनकर दोस्ती निभाई है।

- **डिफेंस, एआई से लेकर क्रिटिकल मिनरल्स पर बात-** दोनों नेताओं के बीच निवेश, रक्षा, सेमीकंडक्टर, क्रिटिकल मिनरल्स, सप्लाई चेन, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। यह बैठक 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन का हिस्सा है। इससे पहले राष्ट्रपति भवन में ताकाइची का औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। संयुक्त प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की सनाए ताकाइची को अपनी छोटी बहन बताया। उन्होंने कहा कि योर एक्सीलेंसी और मेरी छोटी बहन प्रधानमंत्री तकाइची। इंडिया-जापान एनुअल समिट के लिए प्रधानमंत्री तकाइची का भारत में अपनी पहली यात्रा पर स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

- अब नार्थ ईस्ट में भारत को घेरने की तैयारी, बढ़ेगी टेंशन

# चीन का बांग्लादेश और म्यांमार में सीपीईसी जैसा प्लान

**बीजिंग (एजेंसी)।** भारत के पूर्वी बॉर्डर के आसपास पकड़ बनाने के लिए चीन एक अहम प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) की तरह बीजिंग का प्लान अब म्यांमार के रास्ते चीन को बांग्लादेश से जोड़ने वाला गलियारा बनाने का है। दक्षिण एशिया में अपने महत्वाकांक्षी कनेक्टिविटी प्लान के तहत चीन अरब सागर तक पहुंच बनाने के



बाद बंगाल की खाड़ी तक जाने वाले रास्ते पर नजर जमाए हुए है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने ट्रांसनेशनल इकोनॉमिक कॉरिडोर का प्रस्ताव बांग्लादेशी प्रधानमंत्री तारिक रहमान की हालिया बीजिंग यात्रा के दौरान उनके सामने रखा है।

- **बांग्लादेश देगा चीन का साथ!-** चीन के प्रस्ताव को ढाका की हरी झंडी मिली है। बांग्लादेशी अधिकारियों का कहना है कि प्रस्तावित कॉरिडोर से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। ढाका के बंदरगाहों का आधुनिकीकरण होगा और चीनी बाजारों तक पहुंच बेहतर करने में मदद मिलेगी। भारत बॉर्डर के पास पाकिस्तान में बीजिंग का सीपीईसी है, जो पश्चिमी चीन को बलूचिस्तान से जोड़ता है। इसी तरह का कुछ रूट अब वह भारत के पूर्वी बॉर्डर पर चाहता है। सीपीईसी पर भारत विरोध जताता रहा है क्योंकि यह कॉरिडोर गिलगित-बाल्टिस्तान से होकर गुजरता है। इस इलाके पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है। प्रस्तावित चीन-म्यांमार-बांग्लादेश कॉरिडोर को म्यांमार से होकर गुजरेगा। इससे नई दिल्ली के लिए यह प्रस्ताव ध्यान देने लायक है।

- **चीनी कॉरिडोर में मौका देख रहा ढाका-** ढाका में चीनी कॉरिडोर को एक आर्थिक पहल के तौर पर पेश किया जा रहा है। बांग्लादेश के अखबार द डेली स्टार ने बताया है कि प्रस्तावित रास्ता चीन के युन्नान प्रांत के कुनमिंग से शुरू होगा, म्यांमार के मांडले से गुजरेगा और फिर यांगून और क्यूकफ्यू की ओर बंटेगा। आखिर में सड़क और रेल मार्गों के जरिए बांग्लादेश के चट्टोग्राम और कॉक्स बाजार से जुड़ेगा। बांग्लादेशी मीडिया और एक्सपर्ट कह रहे हैं कि यह प्रस्तावित कॉरिडोर जमीन पर उतरता है तो सड़कों, रेलमार्गों, बंदरगाहों और स्पेशल इकोनॉमिक जोन में चीनी निवेश को बढ़ावा देगा। बांग्लादेश की चीनी और दक्षिण-पूर्व एशियाई बाजारों तक पहुंच बेहतर होगी, जिससे देश की आर्थिक स्थिति में उछाल आएगी।

# भारत आ रहे जहाज को लूटने की कोशिश नाकाम

- भारतीय नौसेना का ऐक्शन, बचाई क्रू मेंबर्स की जान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत आ रहे एक जहाज को लूटने की कोशिश को भारतीय नौसेना ने नाकाम कर दिया है। ये जहाज अब पूरी तरह से सुरक्षित है। जहाज पर कल रात समुद्री लुटेरों का हमला हुआ था। भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस त्रिशूल ने समुद्री डकैती की एक कोशिश को नाकाम किया है। बताया जा रहा है कि भारतीय नौसेना के मरीन कमांडो जहाज (एमवी गोल्डन आर्सेनल) पर चढ़े। इस जहाज पर ही लुटेरों का हमला हुआ था। जहाज पर एक भारतीय क्रू मेंबर भी मौजूद था। यह जहाज भारत के लिए जरूरी सामान लेकर जा रहा था। जहाज के क्रू ने खुद को एक सुरक्षित कमरे में बंद कर लिया और कम्युनिकेशन चैनल के जरिए डकैती की



कोशिश की जानकारी दी। जब भारतीय नौसेना का युद्धपोत उस जहाज की तरफ बढ़ा तो समुद्री लुटेरे भाग गए। सूत्रों के मुताबिक नौसेना ने जहाज की तलाशी ली और उसे सुरक्षित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अलार्म चेन पुलिंग पर एक्शन, 109 लोग गिरफ्तार

**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल ने जून माह में अलार्म चेन पुलिंग (ACP) की अनधिकृत घटनाओं के खिलाफ एक सघन अभियान चलाया। यह कार्रवाई रेल यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और समयबद्ध बनाए रखने के उद्देश्य से मंडल के विभिन्न रेलखंडों और स्टेशनों पर की गई। इस अभियान के दौरान रेलवे अधिनियम 141 की संबंधित धाराओं के तहत कुल 110 मामले दर्ज किए गए। इनमें 109 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और उनसे जुर्माने के रूप में 48,100/- की राशि रेल राजस्व में प्राप्त की गई। सोनपुर मंडल प्रशासन ने यह कदम यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, ट्रेनों के परिचालन में निरंतरता बनाए रखने और अनावश्यक देरी को रोकने के लिए उठाया है। अनधिकृत अलार्म चेन पुलिंग से न केवल रेल परिचालन प्रभावित होता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन में, रेल सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग और परिचालन विभाग के समन्वित प्रयासों से यह अभियान सफल रहा। मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे आपात स्थिति को छोड़कर अलार्म चेन का दुरुपयोग न करें, ताकि सुरक्षित, सुगम और समयबद्ध रेल सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। सोनपुर मंडल ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा और रेल अनुशासन बनाए रखने के लिए भविष्य में भी इस तरह के अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

### हाजीपुर पुलिस ने हेरोइन के साथ तस्कर पकड़ा

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के हाजीपुर सदर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बलवा कुंआरी में एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने उसके पास से छह ग्राम हेरोइन 'कोटा' और नगद रुपए बरामद किए। हालांकि, इस दौरान एक अन्य तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सदर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि चकैमा निवासी पिंटू कुमार और अर्जुन कुमार हेरोइन 'कोटा' का कारोबार करते हैं। सूचना में यह भी बताया गया था कि पिंटू कुमार एक झूले के घर आया है और जल्द ही मोटरसाइकिल से 'कोटा' बेचने वाला है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम बलवा कुंआरी पहुंची और मनोज सिंह के मुर्गी फार्म के पास सड़क पर वाहन जांच अभियान शुरू किया। कुछ देर बाद एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखे। पुलिस को देखते ही दोनों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस बल के सहयोग से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया, जबकि मोटरसाइकिल पर बैठा दूसरा व्यक्ति फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपनी पहचान पिंटू कुमार, पिता चंद्रिका राय, निवासी चकैमा के रूप में बताई। उसने फरार हुए व्यक्ति का नाम अर्जुन कुमार उर्फ झूले बताया। पिंटू कुमार की तलाशी के दौरान उसके पास से 17 कैप्सूल हेरोइन 'कोटा' (लगभग छह ग्राम) और नगद रुपए बरामद हुए। उसने पूछताछ में बताया कि बरामद मोटरसाइकिल अर्जुन कुमार की है। पिंटू ने यह भी खुलासा किया कि अर्जुन कुमार पुराना 'कोटा' कारोबारी है, जो बिदुपुर से किसी व्यक्ति से 'कोटा' खरीदकर लाता है और वे दोनों मिलकर गांव-गांव घूमकर इसे बेचते हैं। गिरफ्तार तस्कर पिंटू कुमार से पूछताछ के बाद उसके और फरार हुए अर्जुन कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पिंटू कुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



### बहन से प्यार में मामा ने भांजे को मार डाला

**हाजीपुर**। वैशाली में मामा ने अपने भांजे की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को छिपाने के लिए उसको जलाकर नदी किनारे फेंक दिया। घटना के 2 दिन बाद युवक का शव वैशाली पुलिस ने बरामद किया। मृतक की पहचान समस्तीपुर के शाहपुर पटोरी थाना क्षेत्र के होली गांव निवासी शंकर राय के बेटे नीतीश कुमार (20) के रूप में हुई है। मृतक के चचेरे भाई रमेश का आरोप है, नीतीश का उसकी ममेरी बहन से अफेयर चल रहा था। इसी वजह से मामा ने उसे मार डाला। मृतक के भाई ने अपने ही मामा समेत पांच लोगों पर अपहरण कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए FIR दर्ज करवाया है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामला जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के चकसिंगार पंचायत स्थित लंका टोला का है। रमेश ने बताया, नीतीश के पैदा लेते ही उसकी मां की मौत हो गई थी। इसी वजह से बचपन से ही नीतीश अपने नाना-नानी के पास रहता था। 5 साल पहले नाना-नानी की भी मौत हो गई। इसके बाद नीतीश का ध्यान उसके मामा-मामी रखते थे। इस बीच साल 2023 में नीतीश अपनी ममेरी बहन के नजदीक आने लगा। दोनों अक्सर साथ खाना खाया करते थे। घंटों सामने बैठकर बातें किया करते थे। करीब 1 साल तक सब कुछ ऐसा ही चलता रहा। साल 2024 में दोनों ने एक-दूसरे से अपने-अपने प्यार का इजहार किया। इसके बाद से दोनों के बीच की नजदीकियां और भी बढ़ गई। साल 2025 में नीतीश के मामा को बेटी और भांजे के अफेयर के बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद उन्होंने दोनों को बहुत समझाने की कोशिश की, लेकिन नीतीश मानने को तैयार नहीं था। इस हरकत को देखते हुए आरोपी मामा ने नीतीश को अपने घर से निकाल दिया। उसने नीतीश से कहा- तुम बाहर जाकर कमाओ, यहां रहकर मेरी बेटी की भी जिंदगी खराब कर दोगे। इसके बाद नीतीश 2025 के नवंबर में मामा के घर से निकलकर गुरुग्राम चला गया।

### मुजफ्फरपुर में कार में हथियार लहराने वाला बदमाश अरेस्ट

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाले एक युवक को पटना से गिरफ्तार किया है। आरोपी विवेक सिंह सकरा थाना क्षेत्र का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से वीडियो में दिख रही दोनाली बंदूक और घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, यह मामला 1 जुलाई का है, जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था। इस वीडियो में युवक अवैध हथियार लहराते हुए 'सोना बेचकर लोहा खरीदने' जैसी बातें कह रहा था। वह जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर आम लोगों में भय और दहशत फैलाने का प्रयास कर रहा था। वायरल वीडियो की सत्यता की जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि वीडियो सकरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने इसे समाज में भय और आतंक का माहौल बनाने का प्रयास मानते हुए सकरा थाना में मामला दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के अनुश्रवण और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (पूर्वी-2) के नेतृत्व में गठित इस टीम ने लगातार छापेमारी की। मिली सूचना के आधार पर आरोपी विवेक सिंह को पटना से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से वीडियो में प्रदर्शित दोनाली बंदूक और वीडियो बनाने में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि साइबर सेल और सोशल मीडिया सेल विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि रील या वीडियो बनाने के दौरान कानून का उल्लंघन न करें, अन्यथा कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मुजफ्फरपुर में महिला के प्राइवेट पार्ट में घोंपा हंसुआ

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में चोरी का विरोध करना एक महिला को भारी पड़ गया। घर में चोरी की नीयत से घुसे बदमाश ने महिला पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर ने महिला के प्राइवेट पार्ट में हंसुआ(हथियार) घोंप दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। तत्काल इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन करके शरीर में फंसा हंसुआ बाहर निकाला। फिलहाल महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना गायघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बेनीबाद ओपी इलाके की है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार तड़के करीब तीन बजे एक बदमाश चोरी की नीयत से घर में घुसा था। आहट होने पर महिला की नींद खुल गई। जब विरोध किया तो बदमाश ने धारदार हंसुआ से उन पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजन ने गंभीर हालत में एसकेएमसीएच पहुंचाया। मेडिकल थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को मिल चुकी है। पीड़िता की हालत में सुधार होने के बाद उनका बयान दर्ज किया जाएगा। बयान और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# खुलासाः रिटायर्ड पुलिसकर्मी से रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**पोते के अपहरण की दी थी धमकी, 25 लाख किया डिमांड, फतुहा पुलिस ने किया खुलासा**

एजेंसी, पटना

पटना जिले के नदी थाना क्षेत्र में मिजोरम पुलिस से सेवानिवृत्त एक जवान से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और उनके पोते के अपहरण की धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने नदी थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा किया। एसडीपीओ ने बताया कि नदी थाना क्षेत्र के जेठुली गांव निवासी शिवचंद्र राय करीब एक माह पूर्व मिजोरम पुलिस से सेवानिवृत्त हुए हैं। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें मिले करीब एक करोड़ रुपये में से अपराधियों ने 25 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की थी। साथ ही रकम नहीं देने पर उनकी हत्या करने और स्कूल जाते समय उनके पोते का अपहरण कर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी।

**व्हाट्सएप पर भेजे गए थे धमकी भरे संदेशः** पुलिस के अनुसार, शिवचंद्र राय के पुत्र राजन कुमार के मोबाइल पर 22 जून और 1 जुलाई 2026 को व्हाट्सएप के माध्यम से धमकी भरे संदेश भेजे गए थे। आरोपियों ने चेतावनी दी थी कि यदि तय समय तक रंगदारी नहीं दी गई तो पोते का अपहरण कर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी जाएगी। पीड़ित परिवार की शिकायत पर 1 जुलाई 2026 को नदी थाना में कांड संख्या-265/2026 दर्ज किया गया। इसके बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी संजीव कुमार राय (39), पिता शिवशंकर राय, निवासी जेठुली, को गिरफ्तार कर लिया। मामले में संलिप्त एक विधि-विरुद्ध बालक (नाबालिग) को भी निरुद्ध किया गया है।



**जांच जारीः** एसडीपीओ अवधेश कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि घटना में किसी अन्य व्यक्ति की भी संलिप्तता है या नहीं। मिजोरम पुलिस से सेवानिवृत्त हुए एक जवान से रंगदारी मांगने और उनके पोते के अपहरण की धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित दो लोगों को दबोच लिया है। गुरुवार को फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने नदी थाने पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पूरे मामले का भंडाफोड़ किया और पुलिस की इस कामयाबी की जानकारी साझा की। एसडीपीओ अवधेश कुमार ने बताया कि नदी थाना क्षेत्र के जेठुली ग्राम निवासी शिवचंद्र राय करीब एक महीने पहले ही मिजोरम पुलिस से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्हें मिले सेवानिवृत्ति के एक करोड़ रुपये में से अपराधियों द्वारा 25 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की जा रही थी। रंगदारी की रकम न देने पर शिवचंद्र राय की हत्या करने तथा उनके पोते को स्कूल जाने के क्रम में अपहरण कर जान से मारने की धमकी लगातार दी जा रही थी।

# 20 साल बाद लालू-राबड़ी ने खाली किया 10 सर्कुलर रोड

एजेंसी, पटना



**सरकारी बंगला छोड़ निजी आवास में शिफ्ट हुए, परिवार संग 1 पोलो रोड में रहेंगे तेजस्वी**

RJD सुप्रीमो लालू यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली कर दिया है। दोनों अब कौटिल्य नगर स्थित अपने निजी आवास में शिफ्ट हो गए हैं। वहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपने परिवार के साथ 1 पोलो रोड स्थित सरकारी आवास में रहेंगे। दरअसल, 10 सर्कुलर रोड लंबे समय तक लालू परिवार का प्रमुख सरकारी आवास रहा। राबड़ी देवी को साल 2006 में बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद यह सरकारी आवास अलॉट किया गया था। तब से यह बंगला बिहार की राजनीति के कई अहम फैसलों का केंद्र माना जाता रहा है।

इसी आवास में रहते हुए तेजस्वी यादव ने भी साल 2015 में पहली बार बिहार के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। अब परिवार के नए आवास में शिफ्ट होने के साथ ही इस बंगले से जुड़ा एक लंबा राजनीतिक अध्याय भी समाप्त हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को आवंटित 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने की समय-सीमा सोमवार को समाप्त हो गई थी। भवन निर्माण विभाग ने उन्हें बंगला खाली करने के लिए चार बार नोटिस जारी किया था। हालांकि, दो दिन पहले ही राबड़ी देवी के आप्त सचिव ने भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखकर आवास खाली करने के लिए 5 जुलाई तक अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया था। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी सोमवार को अपना सरकारी आवास खाली कर 1 पोलो रोड स्थित नए सरकारी आवास में शिफ्ट हो गए थे। पूर्व सीएम राबड़ी देवी की ओर से जो भवन निर्माण विभाग को चिट्ठी लिखी गई। इसमें कहा गया था कि विभाग की तरफ से चार्ज रजिस्टर उपलब्ध नहीं करवाया गया है।

# बिहार में गंगा किनारे 'बीच गेम्स कार्निवल' का होगा आयोजन

एजेंसी, पटना



**अक्टूबर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी मुकाबला, पटना में पहली बार बिहार पुरुष कबड्डी लीग होगी**

बिहार में पूरे साल खेल आयोजनों से मैदान सजा रहेगा। प्रदेश में जुलाई 2026 से लेकर मार्च 2027 तक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं होंगी। राजगीर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी और FIH हॉकी प्रो लीग तो पटना में निडजैम का आयोजन होगा।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार सत्र 2026-27 खेल गतिविधियों से भरा रहेगा। राजधानी में पहली बिहार पुरुष कबड्डी लीग का भी आयोजन होगा। 29 अगस्त को पटना में खेल सम्मान समारोह आयोजित होगा।

**बिहार में बीच गेम्स कार्निवल का होगा आयोजनः** बिहार में बीच गेम्स कार्निवल का भी आयोजन होगा। 16 से 18 जनवरी गंगा घाटों के किनारे इसका आयोजन किया जाएगा। वहीं, दंगल का रोमांच देखने को मिलेगा, जो कि 27 और 28 नवंबर को होगा। 24 से 31 अक्टूबर तक राजगीर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी (मैत्री शताब्दी) मुकाबला और पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में पहली बिहार पुरुष कबड्डी लीग (28 जनवरी-5 फरवरी) का आयोजन होगा। वहीं, मार्च में तीसरी महिला कबड्डी लीग खेली जाएगी।

# खेल-खेल में बच्ची को गोली लगी, 5 गिरफ्तार हथियार बरामद, मुख्य आरोपी चचेरा भाई फरार

एजेंसी, पटना

नौबतपुर में 28 जून को 12 वर्षीय बच्ची को गोली लगने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया कि बच्ची को उसके चचेरे भाई द्वारा पिस्तौल से खेलने के दौरान गोली लगी थी। इस मामले में पुलिस ने 5 युवकों को गिरफ्तार किया है और हथियार भी बरामद किए हैं। मुख्य आरोपी चचेरा भाई सोनू अभी फरार है। फुलवारीशरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी (डीएसपी-2) दीपक कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुरुवार को इस घटना का सफल उद्भेदन किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमित कुमार, रूपक कुमार, संजय कुमार, पप्पू कुमार और रोहित कुमार के रूप में हुई है। इनके पास से एक देसी कट्टा, एक पिस्टल, छह जिंदा कारतूस और दो मैगजीन बरामद किए गए हैं।

**28 जून को हुई थी घटनाः** 28 जून को नौबतपुर थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया था, जिसमें बताया गया कि अजवा पेट्रोल पंप के पास दो युवकों के बीच गोलीबारी हुई थी। इस दौरान घर के पास खेल रही 12 वर्षीय बच्ची के पेट में गोली लग गई। घायल बच्ची का इलाज पटना के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। हालांकि, घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान पुलिस को गोली का खोखा, खून के निशान या गोलीबारी की पुष्टि करने वाली कोई परिस्थिति नहीं मिली। आसपास के लोगों ने भी गोलीबारी की बात से इनकार किया, जिससे पुलिस को घटना की कहानी पर संदेह हुआ।



डीएसपी दीपक कुमार ने बताया कि पुलिस ने अमित कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। वैज्ञानिक तरीकों से की गई जांच में यह खुलासा हुआ कि घटना सड़क पर हुई गोलीबारी की नहीं, बल्कि घर के अंदर हुई थी। जांच में सामने आया कि घायल बच्ची का चचेरा भाई सोनू घर में पिस्तौल से खेल रहा था। इसी दौरान अचानक पिस्तौल से गोली चल गई, जो बच्ची के पेट में जा लगी। घटना के बाद सोनू मौके से फरार हो गया।

**आरोपियों ने सच्चाई छिपाने के लिए झूठी कहानी गढ़ीः** पुलिस के अनुसार, घटना के बाद आरोपियों ने सच्चाई छिपाने के लिए झूठी कहानी गढ़ी और पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। हथियार छिपाने, पुलिस से झूठ बोलने और जांच में सहयोग नहीं करने के आरोप में पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी दीपक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में अलग से मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, फरार सोनू की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# युवक की गोली मारकर हत्या, खाली प्लॉट पर मिला लहूलुहान, इलाज के दौरान मौत, जांच जारी

एजेंसी, पटना

पटना के फतुहा थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक युवकी की हत्या का मामला सामने आया है। फैक्ट्री मोड़ के पास ट्रेंड शोरूम के सामने स्थित एक मस्जिद के बगल के खाली प्लॉट में एक युवक को बेहद करीब से गोली मार दी गई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान नया टोला दरियापुर निवासी नवीन कुमार के रूप में हुई है। वह श्रवण पासवान का पुत्र बताया जा रहा है।

**खाली प्लॉट पर मौजूद था युवक, विवाद के बाद चली गोलीः** ग्रामीणों के मुताबिक, बुधवार रात नवीन अपने कुछ परिचितों के साथ उक्त खाली प्लॉट पर मौजूद था। घटनास्थल से मिले खान-पान के सामान और बर्तनों के आधार पर आशंका जताई जा रही है कि वहां कुछ लोग किसी बातचीत या बैठक के लिए जुटे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और हमलावरों ने बेहद करीब से नवीन के गले में गोली मार दी। गोली लगते ही वह मौके पर गिर पड़ा, जबकि आरोपी वहां से फरार हो गए।



**पहले PMCH ले गए, निजी अस्पताल में मौतः** घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायल नवीन को फतुहा अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे PMCH पटना रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन बेहतर इलाज के लिए उसे पारस अस्पताल भी लेकर गए, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**पुलिस ने शुरू की जांच, कई बिंदुओं पर पड़तालः** घटना की सूचना मिलने के बाद फतुहा थाना की टीम रात में ही घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार भी घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। फतुहा थाना अध्यक्ष श्रीमंत सुमन ने बताया, 'शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आपसी रंजिश समेत सभी संभावित कारणों की जांच कर रही है। संदिग्धों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।'

**हत्या का कारण स्पष्ट नहीं, जांच जारी – पुलिसः** फतुहा एसडीपीओ 1 अवधेश कुमार ने बताया, गुरुवार की सुबह करीब 3 बजे सूचना मिली कि दरियापुर ट्रेंड्स मॉल के पास एक व्यक्ति की गोली मारी गई है, जिसे इलाज हेतु पारस हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। इस संबंध में FSL को सूचित किया गया है। फिलहाल हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, जिसकी जांच की जा रही है। परिजनों ने अभी तक आवेदन नहीं दिया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।' फिलहाल पुलिस हत्या के स्पष्ट कारणों का पता लगाने और घटना में शामिल लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

# वेतन आयोग के अवर सचिव 20 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

एजेंसी, पटना



**पटना के आफिसर्स फ्लैट से रंगे हाथों पकड़ा, 17 लाख एरियर दिलाने के बदले मांगी थी रिश्वत**

पटना में भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ निगरानी विभाग की कार्रवाई जारी है। बुधवार सुबह निगरानी विभाग की टीम ने वेतन आयोग के अवर सचिव आमोद मिश्रा को 20000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में इस्कॉन मंदिर पटना के पास स्थित वेतन आयोग कार्यालय में की गई। निगरानी विभाग की टीम ने कार्यालय में ही जाल बिछाकर आरोपी अधिकारी को रिश्वत लेते हुए पकड़ा लिया। आमोद मिश्रा मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के वेतन कोषांग शाखा में अवर सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

जानकारी के मुताबिक, एसबीएम कॉलेज, बिहारशरीफ में उमाशंकर उमरेबी के पिता प्रयोग प्रदर्शक के तौर पर पोस्टेड थे। सेवानिवृत्त के बाद एरियर का करीब 17 लाख रुपये का भुगतान लंबित था। इस मामले में एरियर भुगतान कराने के एवज में आमोद मिश्रा ने 30 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। 30 जून को पीड़ित ने मामले की शिकायत निगरानी थाने में दर्ज कराई और बातचीत से संबंधित साक्ष्य दिए थे।

# नितिन नवीन की बांकीपुर सीट पर 30 जुलाई को वोटिंग

एजेंसी, पटना

चुनाव आयोग ने गुरुवार को निविन नवीन के इस्तीफे के बाद खाली हुई बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। 30 जुलाई को यहां वोटिंग होगी। 3 अगस्त को वोटों की गिनती की जाएगी। BJP ने अब तक यहां उम्मीदवार नहीं उतारा है। तेज प्रताप सबसे पहले कैंडिडेट का ऐलान कर चुके हैं। जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के भी यहां से चुनाव लड़ने की चर्चा है। हाल में उन्होंने कहा था- अगर मेरे चुनाव लड़ने से भाजपा बांकीपुर जैसी मजबूत सीट हारती है, तो मैं चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं।

**तेजप्रताप ने वीणा मानवी को टिकट दियाः** तेज प्रताप यादव ने जनशक्ति जनता दल में शामिल हुई वीणा मानवी को इस सीट से टिकट दिया है। वीणा मानवी एक सामाजिक



कार्यकर्ता रही हैं, वे मुख्य रूप से पटना और बिहार में महिलाओं के अधिकारों और सामाजिक मुद्दों पर मुखर रहने के लिए पहचानी जाती हैं। 'समृद्ध महिला विकास मंच' (महिला विकास मंच) की राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर काम करती रही हैं। इसके जरिए वे पारिवारिक विवादों, घरेलू हिंसा और पीड़ितों की कानूनी, सामाजिक मदद के लिए पटना के इलाकों में काफी सक्रिय रही हैं। जुलाई 2026 में तेज प्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल (JJD) में शामिल होकर वे सक्रिय चुनावी राजनीति में मुख्य भूमिका में आई हैं।

# बिहार में 'वीबी-जी राम जी' मिशन लागू, पटना में मंत्री श्रवण कुमार ने किया शुभारंभ, 125 दिन काम

एजेंसी, पटना

पटना में "विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (बिहार) 2026" का शुभारंभ किया गया। पटना स्थित मुख्य सचिवालय परिसर के अधिवेशन भवन में बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने मिशन की शुरुआत की। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से दावा किया गया कि यह पहल ग्रामीण रोजगार, आजीविका सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा देगी। सरकार का दावा है कि इस योजना के लागू होने के साथ बिहार देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने ग्रामीण कार्यबल को आधुनिक आर्थिक सुरक्षा, रोजगार के नए अवसर और स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने की दिशा में व्यापक पहल की है।



**'VB-G RAM G' के तहत रोजगार और मजदूरी बढ़ाने का दावाः** यह नया मिशन 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)' के स्थान पर लाया गया एक उन्नत और व्यापक रूप है। इसे VB-G RAM G (विकसित भारत-रोजगार की गारंटी और आजीविका मिशन) नाम दिया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रवण कुमार ने कहा, 'यह मिशन केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि बिहार के गांवों को आत्मनिर्भर बनाने का एक मजबूत संकल्प है।'

इसके साथ ही मंत्री श्रवण कुमार ने भरोसा जताया कि गांवों में ही साल के 125 दिन सम्मानजनक मजदूरी मिलने से रोजगार की तलाश में होने वाला अंतर-राजकीय पलायन काफी हद तक थमेगा। इस योजना के तहत जल संचयन, पौधारोपण, ग्रामीण सड़कों का निर्माण और कृषि से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा, जिससे गांवों का चौमुखी विकास होगा। समारोह के दौरान मंच पर ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव, विभिन्न जिलों के उप-विकास आयुक्त (DDC) और विभाग के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विभाग द्वारा इस मिशन को धरातल पर पूरी पारदर्शिता और कड़ाई से लागू करने का संकल्प लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### नकरदेई पुलिस व एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई, 44.11 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के नकरदेई थाना क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में 44.11 ग्राम स्मैक जैसे मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर नकरदेई थाना पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने बिर्ता छठ घाट के पास छापेमारी की। इस दौरान इस्लामपुर, थाना रक्सौल निवासी गुरफान कुरैशी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 44.11 ग्राम स्मैक जैसा मादक पदार्थ, 15 खाली उजाला पाउच तथा एक लाइटर बरामद किया गया। इस कार्रवाई में नकरदेई थाना के पीटीसी विनय कुमार, पीटीसी धनंजय कुमार, एसएसबी मोतिहारी की टीम तथा नकरदेई थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे। मामले में आगे की जांच और विधिसम्मत कार्रवाई जारी है।

### सोशल मीडिया पर एयरगन लहराना पड़ा महंगा, युवक गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी।** सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीजधरी थाना पुलिस ने एयरगन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बीजधरी थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि सोशल मीडिया निगरानी के दौरान एक युवक द्वारा एयरगन लहराते हुए वीडियो पोस्ट करने की जानकारी मिली। सत्यापन के बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सहीम कुमार, पिता अलाउद्दीन मियां, निवासी बथना, थाना बीजधरी, जिला पूर्वी चंपारण को एक एयरगन के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में बीजधरी थाना कांड संख्या 82/26 दर्ज कर अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही लोगों से सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन या कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली सामग्री साझा नहीं करने की अपील की गई है।

### हरपुर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई, 10 ग्राम स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी।** हरपुर थाना पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 10 ग्राम स्मैक जैसे मादक पदार्थ और एक मोटरसाइकिल के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, रात्रि गश्ती के दौरान एसएसबी के साथ संयुक्त छापेमारी कर नायक टोला सैनिक रोड स्थित बड़े पुल के समीप कार्रवाई की गई। इस दौरान 10 ग्राम स्मैक जैसा मादक पदार्थ तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरेश पटेल (पिता- कैलाश पटेल), निवासी नायक टोला, जय आलम (पिता- जैनुल हवारी) तथा शमसुद्दीन (पिता- मनीर बैठा), दोनों निवासी रामपुर, थाना हरपुर, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### आरसेटी निदेशक ने नव नियुक्त जिला पदाधिकारी से की शिष्टाचार भेंट



**बीएनएम@ मोतिहारी।** जिले के ग्रामीण स्वरोजगार एवं कौशल विकास को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से आरसेटी (RSETI) के निदेशक बिपिन कुमार ने नव नियुक्त जिला पदाधिकारी सौरभ सुमन यादव से गुरुवार को उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर निदेशक श्री कुमार ने जिला पदाधिकारी श्री यादव का पौधा देकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उन्हें जिले में संचालित आरसेटी की विभिन्न प्रशिक्षण, स्वरोजगार संवर्द्धन एवं उद्यमिता विकास संबंधी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस मुलाकात के दौरान दोनों अधिकारियों के बीच जिले के युवाओं, महिलाओं एवं ग्रामीण समुदाय को कौशल विकास, स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भरता से जोड़ने हेतु विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर सार्थक एवं सकारात्मक चर्चा हुई। निदेशक ने विश्वास व्यक्त किया कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से आरसेटी की गतिविधियों को और अधिक सशक्त एवं व्यापक बनाया जा सकेगा, जिससे जिले के अधिकाधिक युवाओं को स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। नव नियुक्त जिला पदाधिकारी ने आरसेटी द्वारा संचालित कार्यक्रमों की सराहना करते हुए जिले के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में संस्था की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया तथा भविष्य में हरसंभव प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया। यह शिष्टाचार भेंट सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई तथा जिले के समावेशी विकास एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

# सीमा पर भारत-नेपाल संयुक्त गश्ती, सुरक्षा समन्वय हुआ मजबूत

बीएनएम@ मोतिहारी



भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईएनबी) पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), मोतिहारी एवं नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) ने संयुक्त गश्ती अभियान चलाया। यह अभियान 71वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार के निर्देशन तथा सहायक कमांडेंट शिवांगिनी राय के नेतृत्व में डी-समवाय कोरैया के कार्यक्षेत्र स्थित आउट पोस्ट मूर्तिया में आयोजित किया गया। इस दौरान नेपाल एपीएफ सीमा चौकी दक्षिणी झिटकहिया के एसआई लोक बहादुर कार्की सहित चार अन्य एपीएफ कर्मियों तथा एसएसबी के नौ जवानों ने भाग लिया। संयुक्त गश्ती से पूर्व दोनों देशों के सुरक्षा अधिकारियों के बीच समन्वय बैठक भी हुई। गश्ती के बाद सहायक कमांडेंट शिवांगिनी राय ने बताया कि दोनों देशों के जवानों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पगडंडियों, सड़कों और विभिन्न मार्गों पर संयुक्त रूप से गश्त की। उन्होंने कहा कि यह नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसके तहत निर्धारित समय पर दोनों देशों के सुरक्षा बल आपसी समन्वय के साथ सीमा पर निगरानी रखते हैं। इससे अवैध आवागमन, तस्करी और अन्य असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में सहायता मिलती है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान भारत और नेपाल के सुरक्षा बलों के बीच सीमा सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान-प्रदान भी किया गया। साथ ही सीमा पार अपराधों की रोकथाम, सीमा रेखा पर अतिक्रमण तथा सीमा के निकट स्थित मदिरा दुकानों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के संयुक्त अभियान दोनों देशों के बीच बेहतर समन्वय और प्रभावी सीमा प्रबंधन को और मजबूती प्रदान करते हैं।

### घर में शराब बना रहा था तस्कर, बीजधरी पुलिस ने 11 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ दबोचा



बीएनएम@ मोतिहारी

बीजधरी थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सुंदरपुर मोजे वार्ड संख्या-9 में छापेमारी कर 11 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने रम्भु राम (पिता-स्वर्गीय निरपट राम) को उसके घर में अवैध रूप से देसी चुलाई शराब बनाते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान 11 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद हुई और आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इस धंधे में शामिल लोगों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रेम संबंध पर भीड़ का फैसला! मोतिहारी में युवक-युवती का सिर मुंडवाकर गांव में घुमाया

बीएनएम@ सागर सूरज

**मोतिहारी :** पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में प्रेम संबंध को लेकर एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। बंजरिया थाना क्षेत्र के सिसवा पूर्वी गांव में एक युवक और विवाहित महिला के साथ कथित तौर पर अमानवीय व्यवहार किए जाने का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार, पचरुखा पंचायत के पकरिया टोला का रहने वाला एक युवक सोमवार देर रात अपनी परिचित महिला से मिलने उसके घर पहुंचा था। इसी दौरान परिजनों ने दोनों को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था और परिवार के लोगों को इसकी जानकारी पहले से थी। आरोप है कि दोनों को पूरी रात घर में बंधक बनाकर रखा गया। मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। इसके बाद युवक और महिला का सिर मुंडवा दिया गया, गले में जूते-चप्पलों की माला पहनाई गई और पूरे गांव में घुमाया गया। इस दौरान दोनों के साथ मारपीट किए जाने का भी आरोप है। बताया जा रहा है कि महिला विवाहित है। उसका पति और युवक दोनों राजमिस्त्री का काम करते हैं। इसी दौरान दोनों परिवारों के बीच पहचान हुई, जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई। परिजन काफी समय से दोनों को रंगे हाथ पकड़ने की कोशिश में थे। घटना की सूचना मिलते ही बंजरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाकर दोनों को सुरक्षित अपने कब्जे में लिया और थाने ले गई। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटना में शामिल सभी लोगों की भूमिका की पड़ताल की जाएगी और जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। यह घटना एक बार फिर सवाल खड़े करती है कि किसी भी विवाद या व्यक्तिगत संबंध का फैसला क्या भीड़ करेगी, या फिर कानून अपने तरीके से न्याय सुनिश्चित करेगा?

# उर्वरक की कालाबाजारी पर डीएम का सख्त रुख, दोषी थोक विक्रेताओं पर होगी एफआईआर

बीएनएम@ मोतिहारी



जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में खरीफ मौसम 2026 के लिए उर्वरकों की उपलब्धता, आवश्यकता तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। वहीं बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि जिले में वर्तमान में 17,653.176 मीट्रिक टन यूरिया, 7,192.975 मीट्रिक टन डीएपी तथा 2,080.465 मीट्रिक टन एमओपी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। जिलाधिकारी श्री यादव ने सभी थोक उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिया कि वे खुदरा विक्रेताओं को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि उर्वरक की कालाबाजारी या निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने की शिकायत मिलने पर संबंधित थोक विक्रेता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारियों एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को लगातार क्षेत्र भ्रमण कर उर्वरक बिक्री की निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर संबंधित प्रखंड एवं अनुमंडल के कृषि अधिकारियों के विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी किसानों का फार्मर आईडी शीघ्र तैयार कराने का भी निर्देश दिया, ताकि भविष्य में सरकार की कृषि योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंच सके। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण, सहायक निदेशक उद्यान, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सहायक निदेशक गन्ना विभाग, सभी अनुमंडल एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी तथा जिले के सभी थोक उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे।

# डाइट छतौनी में व्याख्याता शिवनाथ कुमार राय को भावभीनी विदाई, शिक्षकों ने बताया आदर्श गुरु

बीएनएम@ मोतिहारी



डाइट छतौनी, मोतिहारी में वरिष्ठ व्याख्याता शिवनाथ कुमार राय के सेवानिवृत्ति अवसर पर गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वर्ष 2020 से डाइट छतौनी में कार्यरत रहे शिवनाथ राय के योगदान को याद करते हुए शिक्षकों एवं प्रशिक्षु शिक्षकों ने उन्हें आदर्श शिक्षक और प्रेरणास्त्रोत बताया। समारोह को संबोधित करते हुए डाइट प्राचार्य संजय कुमार तिवारी ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, बल्कि अपने ज्ञान और संस्कारों के माध्यम से जीवनभर विद्यार्थियों के दिलों में जीवित रहते हैं। उन्होंने कहा कि शिवनाथ राय ने पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ प्रशिक्षु शिक्षकों का मार्गदर्शन किया, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. मुहम्मद फखरुद्दीन अली अहमद ने कहा कि शिवनाथ राय एक सफल, गंभीर और ज्ञानवान शिक्षक रहे हैं। उनका पढ़ाने का तरीका प्रभावशाली था और उनके विशाल ज्ञान से प्रशिक्षु शिक्षक एवं छात्र निरंतर लाभान्वित होते रहे। उन्होंने कहा कि उनका सेवानिवृत्त होना संस्थान के लिए बड़ी क्षति है। इस अवसर पर व्याख्याता ज्ञानवर्धन कंठ, उमा शंकर कुमार, जियाउद्दीन, धर्मेंद्र कुमार, नूर आलम, परवीन कुमार तथा राज नारायण सहित अन्य शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में डाइट के प्रशिक्षु शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिवनाथ कुमार राय ने अपने शिक्षण जीवन की शुरुआत मध्य विद्यालय से की थी। वर्ष 1994 बैच के शिक्षक रहे राय ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर व्याख्याता का पद हासिल किया। वर्ष 2013 से 2020 तक उन्होंने वैशाली डाइट में सेवाएं दीं, जिसके बाद उनका स्थानांतरण डाइट छतौनी, मोतिहारी में हुआ। छह वर्षों की सेवा के बाद 1 जुलाई 2026 को वे सेवानिवृत्त हो गए। वैशाली निवासी शिवनाथ कुमार राय ने गणित में बीएससी (ऑनर्स), एमएससी, एमफिल के साथ-साथ बीएड एवं एमएड की डिग्रियां प्राप्त की हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने अपनी शिक्षा यात्रा जारी रखी है और वर्तमान में संस्कृत विषय में पीएचडी कर रहे हैं, जो युवा शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का विषय है।

### कलश यात्रा में सक्रिय चेन स्नेचिंग गिरोह का पर्दाफाश, नौ महिला आरोपी गिरफ्तार

बीएनएम@ मोतिहारी

पूर्वी चंपारण पुलिस ने पिपरा थाना क्षेत्र के सागर गांव में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की कलश यात्रा के दौरान सक्रिय चेन स्नेचिंग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए नौ महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से श्रद्धालुओं से छीने गए आठ सोने जैसे भातसूर (बाहु) भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 1 जुलाई को कलश यात्रा के दौरान 8 से 10 महिलाओं का गिरोह श्रद्धालुओं के गले से चेन छीनकर भागने का प्रयास कर रहा था। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और श्रद्धालुओं की सतर्कता से सभी महिलाओं को पकड़ लिया गया। सूचना मिलने पर पिपरा थाना पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। श्रद्धालुओं के लिखित आवेदन एवं बरामद सामान के आधार पर पिपरा थाना कांड संख्या 274/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान पूजा देवी, बुच्ची देवी, ज्ञान्ती देवी, सीमा देवी, माधुरी देवी, मंजू देवी, विमला देवी, रीना देवी और गायत्री देवी के रूप में हुई है। सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, देवरिया, गाजीपुर और मऊ जिलों की निवासी हैं। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चकिया संतोष कुमार, पिपरा थाना के सह थानाध्यक्ष अंजन कुमार सिंह, सह अपर थानाध्यक्ष सतीश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रामशरण साह, परिचारी पुलिस अवर निरीक्षक अंबिका जायसवाल तथा पिपरा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

# धबधबवा गांव में 'सखी वार्ता' का आयोजन, सरकारी योजनाओं व महिला अधिकारों के प्रति जीविका दीदियों को किया गया जागरूक

बीएनएम@ मोतिहारी



**मोतिहारी।** महिला एवं बाल विकास निगम (डब्ल्यूसीडीसी) एवं जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में जिला के आदापुर प्रखंड के धबधबवा गांव में गुरुवार को 'सखी वार्ता' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जीविका समूह की दीदियों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक (डब्ल्यूसीडीसी) वीरेंद्र राम ने कहा कि जीविका दीदियां समाज में सकारात्मक बदलाव की सबसे मजबूत कड़ी हैं। उन्होंने महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तीकरण के लिए संचालित योजनाओं, जैसे वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन तथा जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन की विस्तार से जानकारी दी और महिलाओं से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। जिला मिशन समन्वयक निधि कुमारी ने महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए संचालित शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिला प्रशासन महिलाओं को सुरक्षित और आत्मनिर्भर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 'सखी वार्ता' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशासन सीधे ग्रामीण महिलाओं से जुड़कर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान करने का प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को टोल-फ्री महिला हेल्पलाइन नंबर 181 की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, प्रताड़ना, बाल विवाह अथवा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में महिलाएं इस हेल्पलाइन पर 24 घंटे निःशुल्क कॉल कर पुलिस सहायता, कानूनी सलाह एवं काउंसिलिंग सहित विभिन्न सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकती हैं। जेंडर विशेषज्ञ निर्भय कुमार ने लैंगिक समानता, बाल विवाह उन्मूलन एवं दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों तथा जेंडर आधारित हिंसा से संबंधित सहायता प्रणालियों की जानकारी दी। इस अवसर पर वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ रितेश कुमार, जीविका के स्थानीय समन्वयक, महिला एवं बाल विकास निगम के कर्मी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं जीविका दीदियां उपस्थित रहीं।

# सिटीजन फोरम की बैठक में जनहित के कई अहम मुद्दों पर मंथन, प्रशासन को सौंपे जाएंगे ज्ञापन

बीएनएम@ मोतिहारी



सिटीजन फोरम ऑफ मोतिहारी की मासिक बैठक गुरुवार को फोरम के अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव (दीपक जी) की अध्यक्षता में स्टेशन रोड स्थित एक स्थानीय निजी होटल के सभागार में आयोजित हुई। उक्त बैठक की शुरुआत सचिव धर्मवर्धन प्रसाद द्वारा पिछली बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ हुई। बैठक में सदस्यों ने संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शहर में ट्रैफिक सिग्नलों को प्रभावी ढंग से संचालित कराने के लिए महापौर एवं ट्रैफिक पुलिस उपाधीक्षक से मिलकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की जाएगी। फोरम ने शहर के फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर उन्हें चिह्नित कराने के लिए नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपने का भी निर्णय लिया। वहीं, बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी "हर घर नल-जल" योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से पुनः मुलाकात करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल गठित किया गया। बैठक में मोबाइल फोन के अत्यधिक एवं अनावश्यक उपयोग से समाज के सभी आयु वर्गों पर पड़ रहे दुष्प्रभाव पर चिंता व्यक्त की गई। इस संबंध में जनजागरूकता अभियान चलाने के लिए सोशल मीडिया के साथ-साथ नगर निगम क्षेत्र में छोटे-छोटे बैनर एवं पोस्टर लगाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने जिले के विभिन्न शवदाह स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं के अभाव का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि लालबकेया एवं बरनावा नदी घाट सहित अन्य श्मशान स्थलों पर अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, साफ-सफाई, मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत करने की सुविधा तथा प्रतिकूल मौसम से बचाव जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। फोरम ने संबंधित विभागों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से इस दिशा में ठोस पहल करने का आग्रह किया। साथ ही इस उद्देश्य से एक प्रतिनिधिमंडल विभिन्न संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थाओं से मिलकर सहयोग का आग्रह करेगा। बैठक में संस्थापक अध्यक्ष वीरेंद्र जालान, सचिव धर्मवर्धन प्रसाद, कोषाध्यक्ष डॉ. विवेक गौरव, पूर्व अध्यक्ष विंटी शर्मा, पूर्व सचिव रामभजन, अंगद कुमार सिंह, अरविंद सराफ, सुधीर गुप्ता, अजय आजाद, अमित कुशवाहा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में महासचिव धर्मवर्धन प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के उपरांत अध्यक्ष ने बैठक की कार्यवाही समाप्त करने की घोषणा की। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राम भजन जी द्वारा दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीजधरी पुलिस ने लूटी गई बाइक बरामद की, साहेबगंज कांड से जुड़ा निकला मामला



**बीएनएम@ मोतिहारी।** बीजधरी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुंदरापुर दियारा क्षेत्र से एक बिना नंबर प्लेट की संदिग्ध मोटरसाइकिल बरामद की है। जांच में यह बाइक मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र से लूटी गई निकली। थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि सुंदरापुर दियारा क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल संदिग्ध अवस्था में खड़ी है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एचएचडी मशीन से चेसिस नंबर की जांच की गई। जांच में बाइक का पंजीकरण संख्या BR05BU-1684 तथा इंजन नंबर DHXPSC80468 पाया गया। उन्होंने बताया कि एचएचडी मशीन के माध्यम से वाहन स्वामी से संपर्क किया गया। वाहन स्वामी ने बताया कि उक्त मोटरसाइकिल की लूट हो चुकी थी, जिसके संबंध में साहेबगंज थाना कांड संख्या 513/26, दिनांक 18 जून 2026, भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4) एवं आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल को जब्त कर अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा संबंधित थाना को भी इसकी सूचना दे दी गई है।

### टीबी मुक्त जिले के संकल्प को मिली नई ताकत, जिलाधिकारी बने 'निक्षय मित्र'

**बीएनएम@ मोतिहारी।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने गुरुवार को पांच टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित कर 'निक्षय मित्र' के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई। निक्षय मित्र योजना का उद्देश्य टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहयोग देना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री यादव ने कहा कि पूर्वी चम्पारण को टीबी मुक्त बनाना जिला प्रशासन का संकल्प है। उन्होंने जिले के सामाजिक संगठनों, पंचायत प्रतिनिधियों



एवं सभी सरकारी पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में निक्षय मित्र बनने की अपील करते हुए कहा कि सामाजिक दायित्व निभाते हुए टीबी मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने में सभी की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में 10 लाख लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर, विद्यालयों, महादलित बस्तियों तथा टीबी प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर जांच करेंगी। स्क्रीनिंग के दौरान मरीजों की पहचान होने पर उन्हें निःशुल्क उपचार एवं दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक खांसी, बुखार या अन्य टीबी के लक्षण दिखाई दें तो वह तुरंत अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। यदि चिकित्सक टीबी की पुष्टि करते हैं तो दवाओं का पूरा कोर्स बिना बीच में छोड़े पूरा करें तथा अपने संपर्क में आए लोगों की भी जांच अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि निक्षय मित्र बनने के इच्छुक व्यक्ति संचारी रोग पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा केंद्र, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी से मोबाइल नंबर 9431639196 पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### हत्या के प्रयास मामले में तीन गिरफ्तार

**बीएनएम@ हरसिद्धि।** हरसिद्धि थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि हरसिद्धि थाना कांड संख्या 335/26, दिनांक 30 जून 2026, में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने वासदेव साहनी (पिता- स्व. जयपाल साहनी), बंधन कुमार तथा एक विधि-विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी मठ लोहियार मलाही टोला, थाना हरसिद्धि, जिला पूर्वी चंपारण के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया। मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई जारी है।

### प्रस्तावित राजकीय डिग्री महाविद्यालय चोरौत का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**बीएनएम@ सीतामढ़ीः चोरौत/पुपरी।** पुपरी अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) ने गुरुवार को चोरौत में प्रस्तावित राजकीय डिग्री महाविद्यालय के लिए चिन्हित स्थल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भूमि की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं तथा महाविद्यालय की स्थापना से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए महाविद्यालय स्थापना से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं में तेजी लाने तथा निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से अब तक हुई प्रगति की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की और आवश्यक बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। गौरतलब है कि चोरौत में राजकीय डिग्री महाविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी तथा क्षेत्र के शैक्षणिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

### डीएम ने दैनिक जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएँ

**समस्याओं का हुआ ऑन द स्पॉट निवारण**

**बीएनएम@ गयाजी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीएम शशांक शुभंकर ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 60 से अधिक आमजनों की समस्याएँ सुनीं। लोगो ने भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने डीएम के समक्ष रखा। फतेहपुर धरहरा खुर्द के आवेदक ने बताया कि पैक्स गोदाम धरहरा खुर्द में पैक्स गोदाम का निर्माण कार्य किया जा रहा है, डीएम शुभंकर ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को जांच करने का निर्देश दिए हैं। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

### उद्यम सुदृढीकरण एवं जलवायु अनुकूलन पर प्रशिक्षण

**बीएनएम@ गयाजी।** सतत जीविकोपार्जन योजना-शहरी के अंतर्गत मास्टर रिसोर्स पर्सन्स (एमआरपी) के लिए उद्यम सुदृढीकरण एवं जलवायु अनुकूलन विषय पर 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन होटल सुखदेव विहार, गया में 29 जून से 03 जुलाई तक किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य लाभार्थियों के उद्यमों को सुदृढ़ करना, जलवायु-अनुकूल प्रथाओं को अपनाना तथा कमजोर एवं संवेदनशील परिवारों को दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है। प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता, बाजार लिंकेज, व्यवसाय प्रबंधन और जोखिम न्यूनीकरण जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन जीविका एवं आगा खान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें पीसीआई एवं बीआरएसी ने सहयोग दिया। प्रशिक्षकों में सिद्धार्थ, विनय, पूजा, हिमांशु पाहवा, आबिद, सुदीप, कोरल और प्रवीण शामिल रहे।

# भारत-नेपाल मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश, मास्टरमाइंड समेत 5 गिरफ्तार

**रक्सौल पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 4 बाइक, मास्टर चाबी, मोबाइल और भारतीय-नेपाली मुद्रा बरामद**

बीएनएम@ रक्सौल



सीमावर्ती शहर रक्सौल में सक्रिय अंतर्राज्यीय एवं भारत-नेपाल मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। रक्सौल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरोह के मास्टरमाइंड समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चार नेपाल के रौतहट जिले के निवासी हैं, जो चोरी की मोटरसाइकिलों को नेपाल में बेचने का काम करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें, पांच स्मार्टफोन, एक मास्टर चाबी तथा 14,050 रुपये भारतीय एवं 6,310 रुपये नेपाली मुद्रा बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 30 जून 2026 को सूचना मिली थी कि यूनियन बैंक, रक्सौल के समीप एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल चोरी की नीयत से रेकी कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान विकास कुमार (22), पिता जवाहरलाल साह, निवासी बेला मुरला, थाना रामगढ़वा (पूर्वी चंपारण) के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसके पास से मोटरसाइकिल चोरी में प्रयुक्त मास्टर चाबी और एक स्मार्टफोन बरामद हुआ। पूछताछ में विकास कुमार ने स्वीकार किया कि वह रक्सौल एवं आसपास के क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें कुड़वा चैनपुर और नेपाल में बेचता था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने कुड़वा चैनपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर गिरोह के चार अन्य सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में मुन्ना आलम (33), अरविंद सिंह (21), रूपेश कुमार गुप्ता (25) और दिलीप कुमार गिरी (19) शामिल हैं। चारों नेपाल के रौतहट जिले के निवासी हैं।

**मास्टरमाइंड पर पहले से दर्ज हैं कई आपराधिक मामले-** पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, विकास कुमार के विरुद्ध पहले से मोटरसाइकिल चोरी और बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ रक्सौल थाना कांड संख्या 494/2023, रामगढ़वा थाना कांड संख्या 158/2021 तथा 248/2024 दर्ज हैं।

इस मामले में रक्सौल थाना कांड संख्या 299/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 317(2), 317(4), 338, 336(3), 340(2), 111 एवं 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इस सफल अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) रक्सौल मनीष आनंद ने किया। छापेमारी दल में रक्सौल थानाध्यक्ष रमेश कुमार महतो, अंचल पुलिस निरीक्षक निर्णय कुमार राय, अपर थानाध्यक्ष रवि कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक कृष्ण मुरारी, जितेंद्र कुमार, विकास कुमार पासवान, अमन कुमार तथा सिपाही विकास कुमार, गौतम कुमार और धीरज कुमार शामिल थे।

### भ्रामक वीडियो पोस्ट करने पर दो फेसबुक पेज संचालकों के खिलाफ साइबर थाना में केस दर्ज

बीएनएम@ मोतिहारी

सोशल मीडिया पर असत्यापित, भ्रामक और अपमानजनक वीडियो प्रसारित करने के मामले में पूर्वी चंपारण पुलिस ने दो फेसबुक पेज संचालकों के खिलाफ साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, साइबर थाना मोतिहारी की सोशल मीडिया निगरानी टीम को एक वायरल वीडियो की सूचना मिली थी। जांच के दौरान पाया गया कि वीडियो को एडिट कर फेसबुक पेज 'Sonu Actors' और 'चम्पारण के लाल' पर असत्यापित, भ्रामक एवं अपमानजनक रूप में प्रसारित किया गया था। इस मामले में दोनों फेसबुक आईडी के संचालकों के विरुद्ध मोतिहारी साइबर थाना कांड संख्या 109/2026, दिनांक 1 जुलाई 2026, के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 192, 353(1), 353(2) तथा आईटी एक्ट की धारा 67 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## 15 वर्षीय छात्र की हत्या का खुलासा, 10 घंटे में चार आरोपी गिरफ्तार, दो किशोर अभिरक्षा में

बीएनएम@ बेतिया

पश्चिम चंपारण पुलिस ने कंगली थाना क्षेत्र के 15 वर्षीय छात्र सोनू कुमार की हत्या के मामले का महज 10 घंटे में खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो विधि-विरुद्ध किशोरों को अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक का शव बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 30 जून की शाम इनरवा निवासी शारदा देवी ने सूचना दी थी कि उनका पुत्र सोनू कुमार स्कूल से घर नहीं लौटा है। इसके बाद 1 जुलाई की रात उन्होंने कंगली थाना में आवेदन देकर समशुल मियां समेत 18 लोगों पर अपहरण का आरोप लगाया। आवेदन के आधार पर कंगली थाना कांड संख्या 64/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नरकटियागंज जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा किया। पूछताछ में मुख्य आरोपी समशुल अंसारी उर्फ पोगिया ने बताया कि उसका मृतक की छोटी बहन से संबंध था। बाद में लड़की की बातचीत किसी अन्य युवक से होने लगी, जिससे वह नाराज था। इसी विवाद में सोनू कुमार द्वारा विरोध करने पर उसने अपने पिता, भाई और अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। 30 जून को स्कूल से लौटते समय सोनू कुमार को बेहोश कर तिलावे नदी के पास ले जाकर गमछे से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। बाद में साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को तिलावे नदी में फेंक दिया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया। घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में समशुल अंसारी उर्फ पोगिया, अजय कुमार उर्फ सागर, साहिल कुमार और मुस्लिम अंसारी शामिल हैं। वहीं दो विधि-विरुद्ध किशोरों को अभिरक्षा में लिया गया है।

**छापेमारी दल में शामिल अधिकारीः** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयप्रकाश सिंह, अंचल पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार, जिला आसूचना इकाई के पुलिस निरीक्षक रमेश कुमार शर्मा, कंगली थानाध्यक्ष उमेश कुमार, सिकटा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार मौर्या, बलथर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, इनरवा थानाध्यक्ष संतोष कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मिथिलेश कुमार, जिला आसूचना इकाई के पुलिस अवर निरीक्षक सौरभ कुमार तथा सिपाही बब्लू कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## स्टेट बैंक के सामने जलजमाव से राहगीर परेशान, 500 फीट तक सड़क पर भरा रहता है पानी

बीएनएम@ तुरकौलिया



मोतिहारी-अरेराज मुख्य मार्ग पर स्कूल चौक स्थित स्टेट बैंक के सामने जलजमाव की समस्या लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। करीब 500 फीट तक सड़क पर हमेशा पानी जमा रहने से राहगीरों, बैंक ग्राहकों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। हल्की बारिश होते ही सड़क कीचड़युक्त और फिसलन भरी हो जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क किनारे करीब 15 वर्ष पहले नाले का निर्माण कराया गया था, लेकिन रखरखाव के अभाव में वह पूरी तरह जाम हो चुका है। कई स्थानों पर लोगों द्वारा मिट्टी भर देने से नाला पूरी तरह गायब हो गया है, जिससे बारिश का पानी निकल नहीं पाता और कई दिनों तक सड़क पर जमा रहता है। ग्रामीण राजेश कुमार, राजनंदन सिंह, रंजीत कुमार, आनंद अकेला, दिगंबर सिंह, नागमणि कुमार और अभिषेक कुमार ने बताया कि लगातार जलजमाव के कारण आसपास के दर्जनों दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। ग्राहक दुकानों तक आने से कतराते हैं। गुरुवार को बैंक पहुंचे खाताधारक राजकुमार, संदीप कुमार और राहुल कुमार ने बताया कि जलजमाव के कारण बैंक आने में काफी परेशानी होती है, लेकिन मजबूरी में आना पड़ता है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा हमेशा बना रहता है। ग्रामीणों, व्यवसायियों और बैंक ग्राहकों ने संबंधित विभाग से जाम नाले की सफाई कर शीघ्र जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है।

## गौ-सेवा के साथ लायंस क्लब ऑफ बीरगंज मेट्रो सिटी ने किया नए सत्र का शुभारंभ

**जीतपुर गौशाला में गायों को खिलाया चारा, फल व रोटी; सेवा, करुणा और संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश**

बीएनएम@ पटना




**रक्सौल/बीरगंज।** सेवा और समर्पण की भावना के साथ लायंस क्लब ऑफ बीरगंज मेट्रो सिटी (डिस्ट्रिक्ट 325 एस) ने लायन सत्र 2026-27 की शुरुआत गौ-सेवा से की। क्लब की अध्यक्षा लायन पिया सिंह के नेतृत्व में जीतपुर गौशाला, रानीघाट (बीरगंज) में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गौशाला में आश्रित गायों को हरा चारा, फल, रोटी एवं अन्य खाद्य सामग्री खिलाई गई। इस दौरान सेवा, करुणा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब की अध्यक्षा लायन पिया सिंह ने कहा कि लायंस संगठन की परंपरा रही है कि प्रत्येक नए सत्र की शुरुआत सेवा कार्यों से की जाती है। उन्होंने कहा कि गौ-सेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और जीवों के प्रति संवेदनशीलता ही सच्ची मानवता की पहचान है। उन्होंने विश्वास जताया कि क्लब पूरे सत्र में समाजहित और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न सेवा कार्यों को प्राथमिकता देगा।

**समाज सेवा से विकसित होती है सकारात्मक सोच-** डिस्ट्रिक्ट एक्जीक्यूटिव को-चीफ एवं लायंस क्लब ऑफ बीरगंज मेट्रो सिटी के चार्टर प्रेसिडेंट एमजेएफ लायन अशोक बेरीवाल ने कहा कि लायंस क्लब का मूल उद्देश्य निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करना है। ऐसे सेवा कार्यों से समाज में सकारात्मक सोच विकसित होती है और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ती है।

कार्यक्रम में क्लब की सचिव लायन नेल्सन भंडारी, संयुक्त सचिव लायन प्रसिद्धि आनंद सिंह, पूर्व अध्यक्ष एवं जोनल चेयरपर्सन लायन नरोत्तम पाण्डेय, लायन पीयूष दारुका, लायन श्वेता गुप्ता और लायन श्रुति गुप्ता सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322 ई के जोनल चेयरपर्सन सह डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन एवं लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के पूर्व अध्यक्ष लायन बिमल सर्राफ तथा लायन पूनम सर्राफ ने शुभकामनाएं देते हुए क्लब की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर नई शुरुआत सेवा और सकारात्मक ऊर्जा के साथ होनी चाहिए। उनका कहना था कि "गौ माता की सेवा ही नारायण की सेवा है" और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर ऐसे सेवा कार्यों में सहभागी बनना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी लायंस सदस्यों ने सेवा, करुणा और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया तथा पूरे सत्र में जनहित और सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों को लगातार संचालित करने का निर्णय लिया।

## 20 हजार रुपये रिश्वत लेते शिक्षा विभाग के अवर सचिव गिरफ्तार

बीएनएम@ पटना



निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शिक्षा विभाग के वेतन सत्यापन कोषांग में पदस्थापित अवर सचिव अनोद मिश्रा को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। निगरानी ब्यूरो की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, निगरानी थाना कांड संख्या 079/26 दिनांक 1 जुलाई 2026 के तहत कार्रवाई करते हुए अनोद मिश्रा को पटना के मिनिस्टर इन्क्लेव मोड़ के पास 20 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। बताया गया है कि परिवादी उमा शंकर उपाध्याय ने निगरानी ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई थी कि एरियर भुगतान कराने के एवज में अवर सचिव द्वारा 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत के सत्यापन में आरोप सही पाए जाने के बाद निगरानी ब्यूरो ने पुलिस उपाधीक्षक श्याम बाबू प्रसाद के नेतृत्व में धावादल का गठन किया। धावादल ने योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी अवर सचिव को रिश्वत की राशि लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को निगरानी के विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। मामले में आगे की अनुसंधानात्मक कार्रवाई जारी है।

## बकरियों को पानी पिलाने के दौरान करंट की चपेट में आए किसान की मौत

बीएनएम@ तुरकौलिया



थाना क्षेत्र के खगनी माई स्थान के समीप गुरुवार को बिजली के करंट की चपेट में आने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान खगनी गांव निवासी अच्छेलाल दास के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, अच्छेलाल दास घर में लगे बिजली से चलने वाले मोटर को चालू कर बकरियों को पानी पिलाने गए थे। इसी दौरान स्विच ऑन करते समय वे करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के समय घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। कुछ देर बाद जब उनकी पत्नी घर लौटीं तो उन्होंने अच्छेलाल दास को मोटर के पास फर्श पर पड़ा देखा। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अच्छेलाल दास अपने पीछे पत्नी, चार पुत्र और एक पुत्री का परिवार छोड़ गए हैं। एक पुत्र को छोड़कर सभी बच्चों का विवाह हो चुका है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों से आवेदन मिलने पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## रामगढ़वा में पुलिस का छापा, 65 लीटर चुलाई शराब बरामद; चार गिरफ्तार

**त्रिवेणी गांव में गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई, अवैध शराब निर्माण के खिलाफ अभियान जारी**

बीएनएम@ पटना




**रामगढ़वा।** रामगढ़वा थाना पुलिस ने गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर त्रिवेणी गांव में छापेमारी कर 65 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान चार लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि सूचना मिली थी कि त्रिवेणी गांव में अवैध रूप से चुलाई शराब का भंडारण किया गया है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी की, जिसमें 65 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद हुई। इस मामले में थाना कांड संख्या 322/26 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 274 एवं 275 के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रभु पासवान (55), पिता स्व. जालिम पासवान, मोतीलाल मुखिया (58), पिता स्व. दहाड़ी मुखिया, पचू मांझी (56), पिता स्व. साध मांझी तथा अमिरका मांझी (50), पिता स्व. छठू मांझी शामिल हैं। सभी आरोपी त्रिवेणी गांव के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार प्रभु पासवान और मोतीलाल मुखिया को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया, जबकि पचू मांझी और अमिरका मांझी पर अवैध शराब की भट्ठी चलाने एवं शराब बनाने का आरोप है। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और कारोबार के विरुद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मज़ाक जैसा महसूस हुआ

अमेरिका के हालिया व्यवहार को ध्यान में रखें, तो ट्रंप का यह कहना कि जब तक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, हमला होने पर अमेरिका भारत की मदद के लिए खड़ा होगा, मज़ाक जैसा महसूस हुआ है! नरेंद्र मोदी से डॉनल्ड ट्रंप की मुलाकात से कुछ घंटे पहले ही अमेरिकी युद्ध मंत्रालय ने अपने इंडो-पैसिफिक कमांड के नाम से 'इंडोÓ शब्द हटा दिया। अब उसे यूएस पैसिफिक कमांड के पुराने नाम से जाना जाएगा। 2018 में ट्रंप-1 प्रशासन ने जब इंडो-पैसिफिक नाम रखा, तब तत्कालीन अमेरिकी रक्षा मंत्री जेम्स मैटिस ने कहा था- 'हमें हिंद महासागर, भारतीय उपमहाद्वीप, और निश्चित रूप से खुद भारत के बढ़ रहे महत्त्व को समझने की जरूरत है। इसलिए मैं सुनिश्चित करना चाहता हूं नाम यथार्थ को प्रतिबिंबित करे।Ó ट्रंप-2 प्रशासन की निगाह में वो यथार्थ बदल गया है- यह उसके नए राष्ट्रीय सुरक्षा दस्तावेज से जाहिर हो गया था, जिसमें भारत का उल्लेख संदर्भवश हुआ। ट्रंप के व्यवहार और उनके प्रशासन के कदमों का सार भी यही है कि उनकी रणनीतिक सोच में भारत की पहले जैसी अहमियत नहीं रही। आठ साल पहले चीन को घेरना और उसका उदय रोकना अमेरिका की प्राथमिकता बनी थी। ट्रंप-2 प्रशासन का आकलन है कि चीन महाशक्ति बन चुका है और अब चुनौती उसके साथ तालमेल बनाकर टकराव टालने की है। इसीलिए अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान ट्रंप 'रणनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने वाले रचनात्मक संबंधÓ के चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के प्रस्ताव पर सहमत हो गए।

चीन के राष्ट्रपति से अपनी मुलाकात को उन्होंने जी-2 कहना शुरू किया है। जी-7 शिखर बैठक के मौके पर फ्रांस के एवियन में हुई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मोदी की मौजूदगी में उन्होंने सितंबर में तय जी-2 बैठक का जिक्र किया। तो यह साफ है कि अमेरिकी रणनीति में भारत का महत्त्व चीन को घेरने की उसकी प्राथमिकता के तहत बढ़ा था। अब चूंकि प्राथमिकता बदल गई है, तो क्वॉड जैसे समूह या इंडो-पैसिफिक जैसे फ़ौरी जरूरत के हिसाब से अपनाए गए नाम उसके लिए अप्रासंगिक हो गए हैं। अब उसकी प्राथमिकता है भारत से अधिकतम कीमत वसूलना। ऐसे में मोदी से मुलाकात के दौरान ट्रंप का प्रधानमंत्री को सबसे खूबसूरत व्यक्ति और कातिलाना शख्स कहना या यह कहना कि जब तक मोदी प्रधानमंत्री हैं, हमला होने पर अमेरिका भारत की मदद के लिए खड़ा होगा, मज़ाक के जैसा महसूस हुआ है!

# भारत और खाड़ी संकट का आर्थिक प्रभाव : सब कुछ स्थिर और सामान्य रहा

**वी. अनंत नागेश्वरन**

जब फरवरी के अंत में हवाई हमलों के कारण होर्मुज़ जलडमरूमध्य बंद हो गया — ऐसा समुद्री मार्ग जिससे होकर दुनिया के कच्चे तेल का करीब एक-पांचवां हिस्सा और भारत के कच्चे तेल और खाना पकाने के गैस का अधिकांश हिस्सा गुजरता है — तो भारत के लिए कहानी पहले ही लिखी हुई लग रही थी। एक ऐसा देश, जो अपने कच्चे तेल का दस में से नौ हिस्सा और आधे से ज्यादा खाना पकाने के गैस का खाड़ी से आयात करता है, उसके लिए आम तौर पर यही उम्मीद की जा रही थी कि पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगेंगी, रसोई में गैस खत्म हो जाएगी, रुपये की कीमत गिरेगी और डॉलर के लिए होड़ मचेगी। लगभग चार महीने बाद, जब जलडमरूमध्य फिर से खुल गया और कच्चे तेल की आपूर्ति अपने संकट-पूर्व स्तर के करीब पहुँच गयी, तो इनमें से कुछ भी नहीं हुआ। एक भी रिटेल आउटलेट बंद नहीं हुआ। जिस भी परिवार को सिलेंडर चाहिए था, उसे सिलेंडर मिल गया। भारत को न तो 1991 जैसे और न ही 2013 जैसे हालात का सामना करना पड़ा। व्यापक आर्थिक स्थिरता बनी रही।

यह कोई संयोग नहीं था और न ही यह सिफ़र् किस्मत की बात थी। यह एक ऐसे सरकार का काम था, जिसने वही तरीका अपनाया, जो उसने महामारी के समय अपनाया था — जानबूझकर और धीरे-धीरे कदम उठाना, एक ही बार में कोई बड़ा या नाटकीय बदलाव करने के बजाय एक उपाय के ऊपर दूसरे उपाय को जोड़ना। पहली प्राथमिकता घर-परिवार थे। इस पूरी अवधि के दौरान, एक भी रिटेल आउटलेट का स्टॉक खत्म नहीं हुआ और हर रसोईघर में सिलेंडर मौजूद रहा। आयात से जुड़ी लागत के कारण 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 1,600 रुपये से ऊपर चली गई थी, फिर भी घरों के लिए इसकी कीमत 900 रुपये के आसपास ही रखी गई और सबसे गरीब लोगों के लिए तो यह कीमत और भी कम थी। महामारी के शुरुआती महीनों की यादें एक सबक थीं, जब प्रवासी मजदूरों में मची घबराहट के कारण गांवों की ओर लौटने वालों की लहर चल पड़ी थी। वाणिज्यिक और थोक उपयोगकर्ताओं को घरों की जरूरत को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया।

पूरी अर्थव्यवस्था को चलाने वाले ईंधन के मामले में, सरकार ने इसका बोझ खुद उठाने का फ़ैसला किया, न कि इसे आम लोगों पर डाला। सरकार ने पेट्रोल और डीज़ल पर उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की, जिससे उसे लगभग 1.7 लाख करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ, इसके अलावा विमानन ईंधन पर भी बोझ कम किया गया। इसके बाद तेल विपणन कंपनियों ने दो महीने से ज़्यादा समय तक पंप पर कीमतें स्थिर रखीं और फिर एक बार मामूली बदलाव किया। इसके पीछे की वजह साफ़ है: ऐसी अनिश्चितता के समय में, सिफ़र् सरकार के पास ही जोखिम उठाने के लिए ज़रूरी बैलेंस शीट और समय होता है; और इसने परिवारों और कंपनियों पर असर डालने के बजाय राजकोषीय खाते पर बोझ डालने का विकल्प चुना। एयरलाइंस के लिए खास समर्थन तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए ऋण-गारंटी योजना, कोविड के दौर में अपनाए गए खास और असरदार उपायों के मॉडल पर ही आधारित थे। कीमत में राहत के पीछे आपूर्ति की मजबूत स्थिति थी। घरेलू रिफाइनरियों ने एक हफ्ते में ही रसोई गैस का उत्पादन आधा बढ़ा दिया, जिससे आयात से आने वाली गैस की कमी काफी हद तक पूरी हो गई। भारत ने जल्दी ही अपने स्रोतों का विस्तार किया, अमेरिका और रूस से खरीद बढ़ायी और नए आपूर्तिकर्ता देश जोड़े, ताकि जलडमरूमध्य से होकर कम ऊर्जा आये; साथ ही रूसी कच्चा तेल खरीदना जारी रखने के लिए ज़रूरी छूट भी हासिल कर ली। सरकार ने लंबी अवधि के लिए भी कदम उठाए: घरों को सिलेंडर के बदले पाइप से गैस पहुँचाना, कोयले गैसीकरण कार्यक्रम, ईथेनॉल मिश्रण को और बढ़ावा देना तथा प्रधानमंत्री की संयुक्त अरब अमीरात यात्रा के दौरान रणनीतिक तौर पर कच्चा तेल भंडारण पर सहमति। भारत उन कुछ देशों में से एक था, जिसने होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुज़रने वाले जहाजों की संख्या बहुत कम हो जाने के बावजूद अपना कार्गो लाना जारी रखा। बाहरी खातों को भी उतने ही धैर्य के साथ संभाला गया। सरकार ने सरकारी कर्ज़ की विदेशी संस्थागत खरीद पर लगी रोक और पूंजीगत लाभ टैक्स हटा दिए और पूर्ण पहुँच रूट के तहत प्रतिभूतियों का दायरा बढ़ाया, जिससे बॉन्ड मार्केट में पैसा आया। एक नई गैर-निवासी डॉलर जमा योजना से काफी बड़ी राशि में डॉलर आने की उम्मीद है। सालों में किए गए मुक्त व्यापार समझौते धीरे-धीरे अपने काम कर रहे थे: अप्रैल और मई 2026 के दौरान गैर-तेल, गैर-रत्न-आभूषण के अलावा वस्तु और सेवाओं का निर्यात पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया। प्रमुख आंकड़े भरोसा दिलाते हैं। पिछले वित्त वर्ष में सकल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश पैंतालीस अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो महामारी के बाद के वर्षों के सत्तर से अस्सी अरब डॉलर की सीमा को पार कर गया। चालू खाता घाटा वित्त वर्ष 26 में जीडीपी का केवल 0.6 प्रतिशत था और अब उम्मीद है कि वित्त वर्ष 27 में यह इससे थोड़ा ही ज़्यादा होगा। ईमानदारी से यह भी मानना होगा कि किस्मत ने भी साथ दिया। बंद होने के कुछ ही हफ्तों में कच्चा तेल एक सौ बीस डॉलर के पार पहुंच गया, लेकिन मई से चीन की तेल खरीद में कमी और अमेरिका के रिजर्व से लगातार तेल जारी होने से यह फिर से सौ डॉलर से नीचे आ गया, और चीन के उर्वरक निर्यात को फिर से शुरू करने से बजट को होने वाले भारी नुकसान से बचाया जा सका। अगर संघर्ष लंबे चले होते, या तेल एक सौ बीस डॉलर के करीब स्थिर रहता, तो स्थिति इतनी आरामदायक नहीं होती; ठोस नीति और अच्छी किस्मत दोनों ने अपना काम किया। वास्तव में, किस्मत अंततः ठोस नीतिकारों का ही साथ देती है। आने वाले बदलावों के संकेत के तौर पर, गोल्डमैन सैक्स ने हाल ही में भारत के लिए अपने वृद्धि पूर्वानुमान को सीवाई 26 के लिए 6.8 प्रतिशत और वित्त वर्ष 27 के लिए 6.5 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है, जो पहले के पूर्वानुमानों से दोनों के लिए 30 बीपी अधिक हैं। हालांकि, मध्यम अवधि में आत्मसंतोष की कोई गुंजाइश नहीं है। एक ऐसी दुनिया में जहाँ गठबंधन विभाजित हैं, हथियारबंद आपूर्ति श्रृंखलाएँ हैं और ऐसी पूंजी, जो कभी भी आ-जा सकती है, भुगतान संतुलन पर दबाव उस संघर्ष से भी लंबा रह सकता है, जिसने उसे खतरे में डाला था। भारत को विदेशी प्रत्यक्ष निवेश आकर्षित करने पर बहुत अधिक ध्यान देना चाहिए। संतुलित द्विपक्षीय निवेश संधि रूपरेखा, कर नीति में निश्चितता, राज्य सरकारों द्वारा अनुबंधों की अखंडता का सम्मान, भरोसेमंद लॉजिस्टिक्स और एकल-खिड़की मंजूरी, जो वास्तव में काम करती हो, अब उन वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को आकर्षित करेंगे, जो अपने जोखिम को कम करने के लिए अलग-अलग जगहों पर विस्तार करने की कोशिश कर रही हैं। असली समस्या आयात पर निर्भरता है और यह सिफ़र् ऊर्जा से संबंधित नहीं है। माल व्यापार घाटा राष्ट्रीय आय का लगभग आठ प्रतिशत है; अगर तेल निकाल दें, तो यह पांच प्रतिशत है; तेल और सोना निकाल दें, तो भी यह साढ़े तीन प्रतिशत रहता है। तुलनात्मक रूप से बड़े देशों की अर्थव्यवस्थाएं बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। भारत को उन चीजों का उत्पादन देश में ही करना चाहिए जिन्हें वह प्रतिस्पर्धी ढंग से बना सकता है और जिनकी उसे जरूरत है। देश की कंपनियों और व्यापार संघों को अपने समझौतों पर ज्यादा मेहनत करना होगा — खासकर यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ के नए समझौते, जो इस साल लागू होंगे और श्रम-गहन निर्यात को बढ़ावा देंगे। यह सब कुशल लोगों के बिना संभव नहीं है, इसलिए युवाओं को व्यापार से जुड़े कौशल सिखाने का काम अब युद्ध स्तर पर किया जाना चाहिए। इन कामों के लिए लगन और तेज़ी की ज़रूरत होगी। इन पर ध्यान देते हुए, सरकार को दक्षिण-पश्चिम मॉनसून पर भी ध्यान देना होगा जिसने अब तक निराश किया है, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के आगमन पर भी विचार करना होगा कि भारतीय काम और भारतीय जीवन के लिए इसके मायने क्या होंगे। खाड़ी संघर्ष ने एक प्रकार की सहनशीलता की परीक्षा ली; आने वाले साल दूसरे प्रकार की परीक्षाएं लेंगे। भारत ने पहली परीक्षा को अच्छे ढंग से पूरा किया। यह आत्मविश्वास का एक कारण है — और अगले काम में लगने का भी कारण है।

(वी. अनंत नागेश्वरन भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार हैं। ये उनके निजी विचार हैं।)

# खेल कूटनीतिः बास्केटबॉल से अमेरिका-भारत निकटता

**चार्वी अरोड़ा, स्पैन पत्रिका**

भारत के युवा बास्केटबॉल खिलाड़ियों की एक पीढ़ी के लिए अमेरिका नक्शे पर भले ही दूर हो पर उन्हें वह कहीं करीब महसूस होता है। वे सोशल मीडिया पर नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) के मशहूर खिलाड़ियों को फॉलो करते हैं, यूट्यूब पर उनके खेल की बारीकियों का अध्ययन करते हैं, अपने पसंदीदा खिलाड़ियों पर चर्चा करते हैं और दुनिया के सबसे बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा करने का सपना देखते हैं।

मई 2026 में यह जुड़ाव नई दिल्ली स्थित अमेरिकन सेंटर में आयोजित फ्रीडम 250 "स्लैम डंक एक्सपीरियंस" के दौरान साकार हुआ। दिल्ली के स्कूलों और बास्केटबॉल अकादमियों से आए 150 से अधिक विद्यार्थी एनबीए के प्रतिनिधियों से मिलने के लिए एकत्र हुए। एनबीए अमेरिका की प्रमुख पेशेवर बास्केटबॉल लीग है और खेल के मशहूर बास्केटबॉल खिलाड़ियों का ठिकाना है। यह कार्यक्रम फ्रीडम 250 समारोहों के तहत आयोजित किया गया था, जो अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक पहल है। नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास ने अमेरिकी पेशेवर बास्केटबॉल टीम सैक्रामेंटो किंग्स के साथ साझेदारी कर विद्यार्थियों को बास्केटबॉल खेल, इस खेल में कुशल बनने और साझा आकांक्षाओं के माध्यम से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

**भारत में बास्केटबॉल की बढ़ती पहचानः** जब विद्यार्थियों से उनके बास्केटबॉल नायकों के बारे में पूछा जाता है तो वे तुरंत जवाब देते हैं: स्टीफन करी, कोबी ब्रायंट, एलन आइवरसन, डेविन बुकर और जियानिस एंटेटोकाउनम्पो। ये नाम अलग-अलग युगों, टीमों और खेलने की शैलियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो बास्केटबॉल की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाते हैं। कार्यक्रम के प्रतिभागियों में से एक अफ्युपांग मिश्रा के लिए एंटेटोकाउनम्पो प्रेरणा के स्रोत हैं। मिश्रा मिल्वॉकी बक्स के इस स्टार खिलाड़ी की प्रशंसा करते हैं "क्योंकि वह बहुत प्रभावशाली हैं।" कार्यक्रम में शामिल कई युवा खिलाड़ियों की तरह वह भी भारत के बाहर पेशेवर स्तर पर खेलने और अंततः खेल के सर्वोच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की आशा रखते हैं।


ऐसी महत्वाकांक्षाएं पूरे दिन कार्यक्रम के दौरान एक साझा विषय बनी रहीं। नेहरू वर्ल्ड स्कूल के 16 वर्षीय खिलाड़ी कृष्णा सिंह, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है, एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना चाहते हैं। वह कहते हैं, "मेरा लक्ष्य एनबीए तक पहुंचना है।" उनके सहपाठी मयंक त्यागी का लक्ष्य भी कुछ ऐसा ही है। वह कहते हैं, "मैं भारत के लिए खेलना चाहता हूं लेकिन मेरा मुख्य लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना है।" पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने शूटिंग, पासिंग और ड्रिब्लिंग स्टेशनों पर अभ्यास किया और सैक्रामेंटो किंग्स के कोच तथा दिल्ली के अन्य खिलाड़ियों से बातचीत की। कई विद्यार्थियों के लिए इस अनुभव ने उनके इस विश्वास को और मज़बूत किया कि भारत में बास्केटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है। नेहरू वर्ल्ड स्कूल की रुद्राक्षी वर्मा कहती हैं, "भारत में बास्केटबॉल बढ़ रहा है और इसका वास्तव में भविष्य है।" उनका मानना है कि यह खेल ऐसे सबक सिखाता है जो खेल प्रदर्शन से कहीं आगे हैं। वह कहती हैं, "यह सिर्फ खेल के बारे में नहीं है। हमें इससे नए लोगों से मिलने-जुलने का अवसर मिलता है, नई तरह की चीजें सीखने को मिलती हैं, हम खेल भावना सीख पाते हैं, जो हम किताबों या किसी अकादमिक शिक्षा से नहीं सीख सकते।" शिव नादर स्कूल की सिमरन एनबीए के महान खिलाड़ी कोबी ब्रायंट से प्रेरणा लेती हैं, जिनकी समर्पण भावना और अनुशासन आज भी दुनिया भर के खिलाड़ियों को प्रभावित करते हैं। ब्रायंट की प्रसिद्ध "माम्बा मेंटैलिटी"-एक ऐसा दर्शन जो निरंतर आत्म-सुधार और दृढ़ता पर आधारित है- उनके लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

**एनबीए दिग्गज से प्रशिक्षणः** विद्यार्थियों ने एनबीए दिग्गज हॉल ऑफ फेमर व्लाडे डीवॉत्स की बातें भी सुनीं, जिनके लॉस एंजिलिस लेकर्स, शार्लट हॉर्नेट्स और सैक्रामेंटो किंग्स के साथ कॅरियर ने उन्हें बास्केटबॉल के सबसे प्रसिद्ध पहचान वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में से एक बनाने में मदद की। प्रतिभागियों से बातचीत करते हुए डीवॉत्स ने जोर दिया कि सफलता इस बात से निर्धारित नहीं होती कि कोई व्यक्ति कहां से शुरुआत करता है। अपने जीवन का उदाहरण देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, "इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका जन्म कहां हुआ है। आप अपने सपनों को किसी भी तरह हासिल कर सकते हैं लेकिन आपको सही काम करने होंगे।" डीवॉत्स ने खेल और अकादमिक शिक्षा के बीच संतुलन के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह समर्पण युवा खिलाड़ियों के लिए अवसर पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा, "यदि आप खेल से प्यार करते हैं, कड़ी मेहनत करते हैं और स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बास्केटबॉल निश्चित रूप से आपको एनबीए खिलाड़ी बनने का रास्ता देता है।"

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों के लिए संदेश स्पष्ट था- प्रतिभा महत्वपूर्ण है लेकिन प्रतिबद्धता और तैयारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। डीवात्स ने प्रतिभागियों को याद दिलाया कि जो लोग अपने विकास में निवेश करने के लिए तैयार रहते हैं, उनके लिए अवसर अप्रत्याशित स्थानों से भी उभर सकते हैं। उन्होंने कहा, "यदि आप खेल से प्यार करते हैं, अपने खेल पर मेहनत करते हैं और अपने खेल को विकसित करते हैं तो आगे चलकर, कौन जानता है, आप एनबीए तक पहुंच सकते हैं।"

**अमेरिका-भारत खेल कूटनीति का जीवंत उदाहरणः** बास्केटबॉल कौशल से आगे बढ़कर इस कार्यक्रम ने सार्थक संवाद के अवसर भी प्रदान किए। कई विद्यार्थियों ने कहा कि अमेरिकी प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों और प्रतिनिधियों के साथ बातचीत ने उन्हें खेल से जुड़े लोगों और उनके दृष्टिकोण को बेहतर ढंग से समझने का अवसर दिया। विद्यार्थी प्रतिभागी थियो ने कहा कि कार्यक्रम की सबसे खास बात इसकी आपसी संवाद की प्रकृति थी। वह कहती हैं, "उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी अलग-थलग महसूस न करे। यह बहुत समग्र अनुभव था।"

रुद्राक्षी के लिए इस अनुभव ने भारत और अमेरिका के युवाओं के बीच समानताओं को उजागर किया।




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिये बढ़िया रहने वाला है। आज बिजनेस में आपको लाभ के अवसर मिलेंगे। इस राशि के जिन लोगों को रोजगार की तलाश है, उन्हें रोजगार पाने का आज सुनहरा अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत का बेहतर परिणाम मिलने से उत्साह बढेगा। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आप कुछ अनुभवी लोगों से सलाह भी ले सकते हैं।

**वृष राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन पल लेकर आने वाला है। आज दूसरों के साथ आपका अच्छा तालमेल बना रहेगा। पिता के सहयोग से आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। आपको मेहनत का सुखद परिणाम हासिल होगा। आज आपको ऑफिस में कुछ नया करने का मौका मिलेगा, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल होंगे।

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में बॉस से आपको पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। लवमेट कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे। किसी काम में आ रही रुकावटों का समाधान माता-पिता के द्वारा मिलेगा। आज आपको अपना ध्यान भटकने से बचाना चाहिए, अन्यथा कोई अवसर चूक भी सकता हैं। आज आपकी रूचि किसी नये काम को पूरा करने में रहेगी। दाम्पत्य जीवन खुशियों भरा रहने वाला है।

**कर्क राशि** : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज के दिन आपको कोई बड़ा फैसला लेने से बचना चाहिए। आपको अपने काम के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाने की जरूरत है। आपके अटके हुए कुछ काम आज पूरे हो जायेंगे। आप अपनी स्किलस को बढ़ाने की कोशिश करेंगे, जो फ्यूचर में आपके काम आयेगा। शाम को किसी समारोह में जाने का मौका मिलेगा जहां पर कुछ पुराने दोस्त भी मिलेंगे।

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर सबके साथ आपका तालमेल बेहतर बना रहेगा। आर्थिक रूप से आपको बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। अच्छी दिनचर्या का पालन करने से सेहत के मामले में आज आपको अच्छा महसूस होगा। लवमेट के रिश्तों में और मजबूती आएगी।

**कन्या राशि** : आज का दिन आपके लिए लाभ देने वाला रहेगा। आज आर्थिक योजनाओं के लिये लिया गया फैसला लाभदायक होगा। आज आप परिवार वालों के साथ भगवान के दर्शन के लिए मंदिर जायेंगे, मन में भक्ति भाव बना रहेगा। किसी अनुभवी की मदद से आपका काम बनेगा। इस राशि के विवाहित आज कहीं घूमने जायेंगे। आज किसी मनचाही कंपनी में नौकरी मिलने से आपकी खुशी दोगुनी हो जायेगी।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपके दाम्पत्य जीवन में चल रही दूरियां खत्म होगी। बिजनेस की गति बढ़ाने के लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आज आपको किसी काम से सरकारी दफ्तर में भागदौड़ करनी पड़ेगी, आपका काम पूरा होने में थोड़ा समय लगेगा।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व देंगे, जो आपके साथ ही आपके परिवार के लिए भी महत्वपूर्ण है। आप अपने परिवार और काम के बीच संतुलन बनाकर चलेंगे। इस राशि के जो लोग पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े हैं, आज उन्हें किसी कस्टमर से बड़ा फायदा होगा।

**धनु राशि** : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज करियर के मामले में आपको कोई बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। आज आप कुछ ऐसे लोगों के साथ जुड़ेंगे, जो आपकी हर तरह से मदद के लिये तैयार रहेंगे। बिजनेसमैन को बेहतर अपॉर्चुनिटिज़ मिलेगी।

**मकर राशि** : आज आपका दिन हर्षो-उल्लास से भरा रहने वाला है। आपको अपनों से खूब सारा प्यार मिलेगा। आप अधिक सफलता पाने के लिये अपने प्रयासों को जारी रखेंगे। कुछ खास लोगों से आपकी निकटता बनी रहेगी। अगर आप प्रॉपर्टी डीलर हैं, तो आपको फायदा होगा। सेहत के मामले में आप खुद को फिट महसूस करेंगे। अगर आप एक्टिंग का कोर्स कर रहे हैं, तो आपको अपनी कला दिखाने का बेहतरीन मौका मिलेगा।

**कुंभ राशि** :आज का दिन आपके लिये कुछ खास लेकर आया है। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। कुछ जरुरी काम थोड़ी ही मेहनत करने से पूरे हो जायेंगे। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे है। आज लवमेट एक दुसरे को उपहार देंगे, रिश्ते में नयापन आयेगा। छात्रों को एग्जाम से रिलेटेड कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

**मीन राशि** : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे। बिजनेस संबंधी किसी काम में आपको दोस्त की मदद लेनी पड़ेगी। आप किसी रिलेटिव के साथ मिलकर नये बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको थोड़ा ध्यान पूर्वक काम करना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मिठास बना रहेगा।

# जीवन का माधुर्य मानवता का प्रकाश

**कांतिलाल मांडोत**

भगवान महावीर ने मानव जीवन का सबसे बड़ा संदेश मानवता को माना है। उनका स्पष्ट कथन था कि मनुष्य सबसे पहले मानवता को अपने जीवन में धारण करे, क्योंकि मानवता ही जीवन का वास्तविक माधुर्य है। जिस प्रकार एक फूल बिना किसी को बुलाए अपनी सुगंध से पूरे वातावरण को महका देता है और भौंरे स्वयं उसकी ओर आकर्षित होकर चले आते हैं, उसी प्रकार जिस व्यक्ति के भीतर मानवता के गुण विकसित हो जाते हैं, उसका जीवन अपने आप समाज के लिए प्रेरणा बन जाता है। वह केवल अपने परिवार का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र का कल्याण करने वाला बन जाता है। मानवता का अर्थ केवल मनुष्य का शरीर धारण करना नहीं है, बल्कि अपने विचारों, व्यवहार, वाणी और कर्मों में प्रेम, करुणा, दया, विनम्रता और सेवा की भावना को विकसित करना है। यही गुण जीवन को मधुर बनाते हैं और मनुष्य को सच्चे अर्थों में महान बनाते हैं। मनुष्य को ईश्वर ने मन, वाणी और इन्द्रियों जैसी अमूल्य शक्तियाँ प्रदान की हैं। इनका उद्देश्य केवल भौतिक सुख प्राप्त करना नहीं, बल्कि आत्मविकास और समाजहित में उनका सदुपयोग करना है। यदि मन शुभ विचारों से भरा होगा, वाणी मधुर होगी और इन्द्रियाँ संयमित होंगी तो जीवन स्वतः सार्थक बन जाएगा। इसके विपरीत यदि मन ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध और अहंकार से भर जाए तो मनुष्य का जीवन अशान्ति और संघर्ष का कारण बन जाता है। शरीर से मनुष्य होने के बावजूद यदि उसकी सोच हिंसक, स्वार्थी और क्रूर हो जाए तो वह मानवता से दूर होकर पाशविक प्रवृत्तियों का शिकार बन जाता है। तब उसके भीतर भेड़िए की आक्रामकता, सर्प की विषैली प्रवृत्ति और कुत्ते जैसी लड़ाकू मानसिकता दिखाई देने लगती है। भगवान महावीर का संदेश है कि मनुष्य समय-समय पर अपने भीतर झाँके और देखे कि कहीं ऐसी प्रवृत्तियाँ उसके जीवन में तो प्रवेश नहीं कर रही हैं। मानवता का सबसे महत्वपूर्ण आधार भद्रता और सरलता है। आज के समय में सरल और निष्कपट व्यक्ति को अक्सर मूर्ख समझ लिया जाता है, जबकि वास्तविक महानता उसी में निहित है। जो व्यक्ति छल, कपट और दंभ से मुक्त होकर बालक की तरह निर्मल हृदय रखता है, वही सच्चा भद्र मनुष्य कहलाता है। लेकिन केवल सरल होना ही पर्याप्त नहीं है। उसके साथ विवेक का प्रकाश भी आवश्यक है। विवेक मनुष्य को सही और गलत का अंतर समझाता है तथा उसे उचित मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यदि सरलता के साथ विवेक जुड़ जाए तो जीवन संतुलित और सफल बन जाता है। मानव जीवन में विनय का विशेष महत्व है। भगवान महावीर ने धर्म का



मूल ही विनय को बताया है। विनम्रता मनुष्य को ज्ञान प्राप्त करने योग्य बनाती है। अभिमान से भरा हुआ व्यक्ति चाहे कितना भी विद्वान क्यों न हो, वह जीवन का वास्तविक ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता। जिस प्रकार हीरा सोने में जड़ा जाता है क्योंकि उसमें लचीलापन होता है, उसी प्रकार अहिंसा, सत्य, दया, प्रेम और करुणा जैसे महान गुण उसी व्यक्ति के जीवन में स्थान पाते हैं, जिसके भीतर विनम्रता होती है। इसलिए मनुष्य को अपने जीवन को सोने के समान विनम्र और मूल्यवान बनाना चाहिए। हालांकि भगवान महावीर यह भी बताते हैं कि दिखावटी नम्रता से सावधान रहना चाहिए, क्योंकि दुष्ट व्यक्ति अक्सर झुककर ही दूसरों को धोखा देता है। इसलिए विनय के साथ विवेक का होना भी आवश्यक है। अहंकार मनुष्य के पतन का सबसे बड़ा कारण है। रावण इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। वह स्वयं को सबसे श्रेष्ठ मानता था और इसी अहंकार ने उसका सर्वनाश कर दिया। इसके विपरीत विनम्र व्यक्ति निरंतर सीखता है, आगे बढ़ता है और समाज में सम्मान प्राप्त करता है। जो व्यक्ति अपने कर्तव्य को समझता है और दूसरों के हित को अपने हित से ऊपर रखता है, उसका जीवन वास्तव में सफल माना जाता है। मानवता का अर्थ केवल अच्छे विचार रखना नहीं, बल्कि उन्हें व्यवहार में उतारना भी है। मानवता की सबसे सुंदर अभिव्यक्ति भावना की पवित्रता में दिखाई देती है। मासखमण के एक तपस्वी संत के सामने एक निर्धन बालक का प्रसंग इसका अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। बालक की माता अत्यंत गरीब थी, लेकिन उसने मेहनत करके दूध, चावल और शक्कर एकत्र किए और अपने पुत्र के लिए खीर बनाई। जब संत उसके घर पहुँचे तो बालक ने अत्यंत श्रद्धा और आनंद के साथ पूरी खीर उनके पात्र में अर्पित कर दी। संत ने जब पूछा कि अपने लिए कुछ क्यों नहीं रखा, तब बालक ने कहा कि आज उसकी सबसे बड़ी इच्छा पूरी हो गई है, इसलिए अब उसे न भूख है और न प्यास। यह केवल भोजन का दान नहीं था, बल्कि श्रद्धा, समर्पण और विनय की सर्वोच्च अभिव्यक्ति थी। यही भाव दान को महान बनाते हैं और यही मानवता का वास्तविक स्वरूप है।

ऐसी ही एक घटना एक गरीब बनिए की भी है, जो लोगों के घर पानी भरकर अपना जीवन चलाता था। उसने संत से आग्रह किया कि वे कभी उसके घर भी पधारें। जब संत उसके घर पहुँचे तो वहाँ केवल कच्चे पापड़ थे। संत ने प्रेमपूर्वक वही स्वीकार किए और उन्हें अत्यंत आनंद के साथ ग्रहण किया। उस साधारण पापड़ में श्रद्धा, प्रेम और आत्मीयता का जो स्वाद था, वह किसी राजभोग से कम नहीं था। उसी क्षण सुदामा और श्रीकृष्ण की कथा स्मरण हो आती है, जहाँ मुट्ठी भर चावलों में भी प्रेम का अनमोल धन समाया हुआ था। वस्तु का मूल्य उसके आकार या कीमत से नहीं, बल्कि उसके पीछे छिपी भावना से होता है। आज समाज में दान और सेवा के पीछे भी अक्सर प्रसिद्धि और स्वार्थ की भावना दिखाई देती है। थोड़ी-सी सहायता देकर लोग बड़े फल की अपेक्षा करने लगते हैं। जबकि वास्तविक दान वही है जिसमें प्रदर्शन नहीं, बल्कि समर्पण हो। बीज जब धरती में दबता है तभी विशाल वृक्ष बनता है। उसी प्रकार निस्वार्थ भाव से किया गया दान ही समाज और आत्मा दोनों का कल्याण करता है। भावना का माधुर्य ही दान को अमर बना देता है। यही कारण है कि बालक की निष्कपट भावना को इतना महान माना गया कि उसका जीवन अगले जन्म में भी पुण्य का अधिकारी बना। भगवान महावीर का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था। संसार में शांति, सद्भाव और प्रेम की स्थापना केवल कानूनों से नहीं, बल्कि मानवता के गुणों से ही संभव है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी वाणी में मधुरता, व्यवहार में विनम्रता, विचारों में पवित्रता और कर्मों में करुणा को स्थान दे, तो परिवार, समाज और राष्ट्र सभी सुख, शांति और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। मानवता ही जीवन का वास्तविक सौंदर्य, वास्तविक धर्म और वास्तविक सफलता है। यही वह सुगंध है जो व्यक्ति के जीवन को अर्थपूर्ण बनाती है और उसके व्यक्तित्व को युगों तक प्रेरणा का स्रोत बनाए रखती है।

**(वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार-स्तम्भकार)**

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# अभिषेक टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेजी से 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने

एजेंसी, डरहम





इंग्लैंड के खिलाफ बारिश के कारण यहां रद्द हुए पहले टी20 मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 24 गेंदों में 59 रन की आतिशी पारी के दौरान एक बड़ी उपलब्धि भी अपने नाम की। अभिषेक इस मैच में दो छक्के लगाते ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेजी से 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं।

अभिषेक ने यह रिकार्ड केवल 785 गेंदों पर ही बना दिया। उन्होंने इस दौरान वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज एविन लुईस के रिकॉर्ड को तोड़ा। लुइस ने 789 गेंदों में अपने 100 छक्के लगाये थे। अभिषेक टी20 में सबसे कम गेंदों पर 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान पर आ गये हैं। दूसरे नंबर पर एविन लुईस (789 गेंद), फिन एलन (871 गेंद) के साथ ही तीसरे, टिम डेविड (931 गेंद) चौथे और कॉलिन मुनरो (963 गेंद) के साथ ही पांचवे नंबर रहे हैं। अभिषेक ने अपनी इस पारी के दौरान पूर्व भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के सबसे तेजी से 100 टी20 छक्के लगाने के रिकार्ड को भी तोड़ दिया। सूर्यकुमार ने 1007 गेंदों का सामना किया था। अभिषेक ने यह कारनामा सूर्यकुमार से 222 गेंद पहले ही कर दिखाया। अब वे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 या उससे अधिक छक्के लगाने वाले भारत के केवल पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में रोहित शर्मा (205 छक्के), सूर्यकुमार यादव (179 छक्के), हार्दिक पांड्या (126 छक्के) और विराट कोहली (124 छक्के) शामिल हैं, जिनके साथ अभिषेक ने 100 छक्के पूरे कर अपना नाम दर्ज कराया है। अभिषेक नाम अब 1450 से ज्यादा रन हैं और उनका स्ट्राइक रेट 190 से ऊपर है, जो 1000 से अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सबसे अधिक है।

मैच की बात करें तो भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 189 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। हालांकि, इंग्लैंड की पारी शुरू होने से पहले ही बारिश आ गई और उसके नहीं रुकने पर मैच रद्द घोषित कर दिया गया।

## हार्दिक पांड्या सीओई को स्थायी ट्रेनिंग बेस बनाने अब बेंगलुरु में ही रहेंगे

एजेंसी, मुम्बई



भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अब बेंगलुरु में स्थायी रुप से रहेंगे। हार्दिक ने ये फैसला बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) को स्थायी ट्रेनिंग बेस बनाने को देखते हुए लिया है। हार्दिक लगातार फिटनेस को लेकर संघर्ष करते रहे है। इसी कारण उन्होंने सीओई को ही अपना घर बनाना तय किया है। पांड्या अभी मुंबई में ही रहते हैं। इस दौरान, वे मुख्य रूप से अपनी आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस की घंसोली स्थित अत्याधुनिक सुविधा में प्रशिक्षण लेते रहे हैं। हालांकि, क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण वह इंग्लैंड दौरे से बाहर हैं। पांड्या ने पिछले छह महीनों में सीओई में काफी समय बिताया है, जिसने उन्हें इस सुविधा की उपयोगिता और महत्व का अंदाजा हो गया है। बीसीसीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार हार्दिक पहले ही स्थायी रूप से बेंगलुरु में शिफ्ट हो चुके हैं। उन्होंने शहर के बाहरी इलाके में, सीओई के बिल्कुल करीब एक किराये पर एक घर लिया है। वह अपने करियर के बाकी समय के लिए सीओई को अपना स्थायी ट्रेनिंग बेस बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर होंगे, जो भविष्य के लिए एक मिसाल कायम करेगा। इसमें कहा गया है कि हार्दिक मुंबई से बाहर जाना चाहते थे, क्योंकि उनके लोअर परेल स्थित घर से रोजाना ट्रेनिंग के लिए आना-जाना काठिन कठिन साबित हो रहा था, इसके अलावा इसमें समय भी अधिक लग रहा था। बेंगलुरु जाने का फैसला हार्दिक के लिए व्यावहारिक रूप से भी अहम है। एक केंद्रीय अनुबंधित क्रिकेटर के तौर पर, उन्हें सीओई में चोट के इलाज से लेकर विशेषज्ञ कौशल प्रशिक्षण तक, हर तरह की अत्याधुनिक सुविधा सहजता से उपलब्ध होती है। इसलिए, उन्होंने यह रणनीतिक फैसला लिया कि जब भी वे अपनी आईपीएल टीम, राज्य की टीम या राष्ट्रीय टीम के साथ यात्रा नहीं कर रहे होंगे, तो सीओई ही उनका स्थायी प्रशिक्षण और पुनर्वास केंद्र होगा।सूत्रों के अनुसार, हार्दिक ने अपने प्रशिक्षण को और भी प्रभावी बनाने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर भी व्यवस्थाएं की हैं।

## सेंटनर की कप्तानी में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में उतरेगी न्यूजीलैंड

एजेंसी, ऑकलैंड



न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ इसी माह 12 जुलाई से होने वाली वाली पांच मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए मिशेल सेंटनर को कप्तान बनाया है। 16 सदस्यीया टीम में पहली बार तेज गेंदबाज मैथ्यू फिशर को शामिल किया गया है। फिशर ने अब तक केवल एक टेस्ट और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच ही खेला है। वह पहली बार किसी एकदिवसीय सीरीज के लिए शामिल किये गये हैं। ऐसे में उनका डेब्यू तय नजर आता है। कप्तान सेंटनर के अलावा, कई अनुभवी खिलाड़ी भी टीम में वापसी कर रहे हैं। इसमें डेरिल मिचेल, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रेसवेल और जैकब डफी शामिल हैं। डफी हाल ही में पितृत्व अवकाश के कारण टेस्ट सीरीज से बाहर थे। वहीं कुछ खिलाड़ियों को टीम से बाहर रखा गया है हैं। बांग्लादेश दौरे शामिल रहे अशोक, जोश क्लार्कसन, डेन क्लीवर, विल ओरूर्क और ब्लेयर टिकनर को इस बार टीम में जगह नहीं मिली है जबकि तेज गेंदबाज मैट हेनरी और काइल जैमीसन को इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के बाद कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है। ब्लेयर टिकनर टखने की सर्जरी के कारण इस सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इंग्लैंड से सीधे स्वदेश लौटेंगे और इस दौरे का हिस्सा नहीं होंगे। वहीं स्टार ऑलराउंडर रचिन रविंद्र मेजर लीग क्रिकेट पहले से तय प्रतिबद्धताओं के चलते टीम के साथ नहीं जाएंगे।

### इंग्लैंड दूसरे घर जैसा लगता है : पुजारा



**एजेंसी, लंदन**। टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर लोकप्रिय रहे चेतेश्वर पुजारा का कहना है कि इंग्लैंड उन्हें हमेशा से ही दूसरे घर जैसा लगता है। पुजारा को हाल ही में क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स स्थित प्रतिष्ठित मैरीलबोन क्रिकेट क्लब (एमससीसी) की मानद आजीवन सदस्यता से भी सम्मानित किया गया था। पुजारा के लिए यह मानद सदस्यता उनके शानदार करियर की एक महत्वपूर्ण पहचान है। इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा, मैंने इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट में काफी खेला है, इसलिए जब आप वहां बहुत क्रिकेट खेलते हैं, तो आपको घर जैसा महसूस होने लगता है। मेरे लिए एमसीसी का हिस्सा बनना बहुत खुशी और सौभाग्य की बात है। एक क्रिकेटर के तौर पर जब आपने अपने पूरे करियर में कड़ी मेहनत की हो और उसे पहचान मिले तो फिर आपको अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होता है। पुजारा ने भारत के बाद अपने जीवन का सबसे अधिक समय इंग्लैंड में ही बिताया है, जहां वे विभिन्न काउंटी टीमों के लिए कई सत्रों तक खेल चुके हैं।

## श्रीसंत केसीएल में एरीज कोल्लम सेलर्स के सहमालिक बने रहेंगे

एजेंसी, तिरुवनंतपुरम



पूर्व क्रिकेटर श्रीसंत को बड़ी राहत मिली है। केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने उनपर लगाये हुए प्रतिबंध को हटा दिया है। इससे अब श्रीसंत केरल क्रिकेट लीगी (केसीएल) के तीसरे सत्र में एरीज कोल्लम सेलर्स फ्रैंचाइजी के सह-मालिक बने रहेंगे। वहीं पिछले सत्र में प्रतिबंध के कारण उन्हें अपना पद छोड़ना पड़ा था।

श्रीसंत ने इससे पहले केसीए को लेकर की गयी विवादास्पद टिप्पणी के लिए माफी मांग ली थी। जिसके बाद उनपर लगा प्रतिबंध हटा दिया गया। इससे अब उनके लिए खेल से जुड़े रहने का रास्ता खुल गया है। केसीए ने अपने एक बयान में कहा, संघ की विशेष आम बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि श्रीसंत पर प्रतिबंध हटा दिय जाये क्योंकि उन्होंने अपनी टिप्पणी के लिए खेद जताय है। यह प्रतिबंध पिछले केसीएल के मुकाबलों से ठीक पहले केसीए ने राहत के साथ ही उन्हें आगाह भी किया है। संघ ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में किसी भी तरह के ऐसे व्यवहार पर श्रीसंत के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिससे यह तया हो सके कि वह अपनी जिम्मेदारियों को समझें।

गौरतलब है कि श्रीसंत भारतीय क्रिकेट टीम के एक जाने-माने पूर्व तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने देश के लिए तीनों अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने 27 टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 37.59 की औसत से 87 विकेट अपने नाम किए। टेस्ट क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक पारी में 40 रन देकर 5 विकेट और एक मैच में 99 रन देकर 8 विकेट रहा है।

# बिजनेस

## कोच्चि में 'सीफूड एक्सपो भारत' के दौरान राष्ट्रीय कौशल ओलंपियाड के दूसरे संस्करण का समापन

एजेंसी, नई दिल्ली



समुद्री खाद्य मूल्य संवर्धन पर राष्ट्रीय कौशल ओलंपियाड के दूसरे संस्करण का समापन केरल के कोच्चि में बुधवार को सीफूड एक्सपो भारत 2026 के दौरान हुआ। समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विदेशी बाजारों के लिए मूल्यवर्धित समुद्री खाद्य उत्पाद तैयार करने में दस प्रशिक्षित समुद्री खाद्य प्रसंस्करण पेशेवरों के कौशल का प्रदर्शन किया गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि राष्ट्रीय समुद्री खाद्य मूल्य संवर्धन कौशल ओलंपियाड के दूसरे संस्करण का भव्य फाइनल सीफूड एक्सपो भारत 2026 के दौरान कोच्चि में बुधवार को आयोजित किया गया। एमपीईडीए की इस पहल में समुद्री खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के 10 प्रशिक्षित पेशेवरों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने मूल्य संवर्धित समुद्री खाद्य उत्पादों को तैयार करने में अपनी पाक-कला और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले वाले फाइनल में आंध्र प्रदेश के काकीनाडा स्थित देवी फिशरीज लिमिटेड के पी. सूर्य भास्कर विजेता के रूप में उभरे। मंत्रालय के मुताबिक तमिलनाडु के तूतीकोरिन स्थित थेवा एंड कंपनी के मुथु कुमारन ने इसमें दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित एसएस सीफूड्स प्राइवेट लिमिटेड की सागरिका सरदार तथा ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित सबरी फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की बारासरानी जेना ने क्रमशः तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि विजेता को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 75 हजार रुपये और 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। चौथे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 25,000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

मंत्रालय के मुताबिक कार्यक्रम से पहले एमपीईडीए ने भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर समुद्री खाद्य मूल्य संवर्धन से संबंधित 50 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से 2,500 से अधिक समुद्री खाद्य प्रसंस्करण श्रमिकों और पेशेवरों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अधिक मांग वाले समुद्री खाद्य उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। ओलंपियाड के क्षेत्रीय चरण पश्चिमी तट क्षेत्र के लिए मुंबई तथा पूर्वी तट क्षेत्र के लिए विशाखापत्तनम में आयोजित किए गए। 30 जून को आयोजित इन क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में से 10 फाइनलिस्ट का चयन किया गया। भव्य फाइनल के दौरान प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अधिक मांग वाले छह मूल्य संवर्धित समुद्री खाद्य उत्पाद तैयार करने का कार्य दिया गया। इनमें नोबाशी श्रिम्प, ब्रेडेड बटरफ्लाई श्रिम्प, कुक्ड पील्ड डिवेन्ड टेल-ऑन श्रिम्प, मैरिनेटेड श्रिम्प स्क्यूअर्स, ब्रेडेड स्क्विड रिंग्स तथा फिश फिलेट्स शामिल थे। एमपीईडीए के अध्यक्ष पी. जवाहर, निदेशक डॉ. राम मोहन एम.के., सचिव डॉ. गिबिन कुमार, संयुक्त निदेशक श्री अनिल कुमार तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सीफूड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. के. एन. राघवन ने विजेताओं को नकद पुरस्कार, पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

### शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक की चाल में और तेजी आ गई। हालांकि बीच-बीच में बिकवाली के मामूली झटके भी लगते रहे। इसके बावजूद इन दोनों सूचकांक की चाल पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। सुबह 10 तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.54 प्रतिशत और निफ्टी 0.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। प्रातः 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, टीसीएस, टेक महिंद्रा और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 4.70 प्रतिशत से लेकर 2.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, लार्सन एंड टूब्रो, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, एनटीपीसी और मैक्स हेल्थकेयर के शेयर 1.07 प्रतिशत से लेकर 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

## केंद्र ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना-2026 अधिसूचित की, 29 जून से हुई प्रभावी

- **पीएफओ की नई योजनाओं में डिजिटल अनुपालन एवं दावों के समयबद्ध निपटान पर रहेगा जोर**

एजेंसी, नई दिल्ली




केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) योजना 2026 को अधिसूचित कर दिया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) संचालित यह योजना 29 जून से प्रभावी हो गई है। नई योजना 1952 की कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम का स्थान लेगी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 2026, कर्मचारी पेंशन योजना, 2026 और कर्मचारी जमा-संबद्ध बीमा योजना, 2026 को अधिसूचित किया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन संचालित नई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में डिजिटल अनुपालन और भविष्य निधि (पीएफ) निकासी तथा पेंशन निर्धारण जैसे दावों के समयबद्ध निपटान पर विशेष जोर रहेगा। इस योजना का उद्देश्य डिजिटल अनुपालन को मजबूत करना, प्रशासनिक दक्षता में सुधार करना, खातों के स्थानांतरण को आसान बढ़ाना और भविष्य निधि ढांचे को नए श्रम कानून के अनुरूप बनाना है। नई योजना में अनिवार्य ईपीएफ अंशदान कर्मचारी और नियोक्ता दोनों के वेतन का 12 फीसदी बना रहेगा। केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित प्रतिष्ठानों पर मौजूदा 10 फीसदी की दर लागू रहेगी। श्रम मंत्रालय नई ईपीएफओ स्कीम के तहत डिजिटल कंप्लायंस और क्लेम के समय पर निपटारे पर ध्यान देगा। रिटायरमेंट फंड बॉडी ईपीएफओ द्वारा चलाई जा रही नई सोशल सिक्योरिटी स्कीम में डिजिटल कंप्लायंस और क्लेम (जैसे पीएफ निकालना और पेंशन तय करना) के समय पर निपटारे पर खास ध्यान दिया जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक इस योजना में आंशिक निकासी के नियमों को भी अद्यतन किया गया है। योजना में पारदर्शिता में सुधार और भविष्य निधि प्रबंधन को अधिक कुशल बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग, ऑनलाइन दावों, ई-पासबुक और यूनिवर्सल खाता संख्या से जोड़ने पर भी जोर दिया गया है। केंद्र सरकार ने पुरानी 1952 की व्यवस्था को बदलकर अब सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत 29 जून से देश में नई ईपीएफ स्कीम लागू की है।

## ज्यादातर सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चेन्नई में सोने के भाव में तेजी का रुख

एजेंसी, नई दिल्ली




घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोने के भाव में कमजोरी नजर आ रही है। भाव में आई गिरावट के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सर्राफा बाजार में सोना 1,170 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,280 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। वहीं चेन्नई में सोने के भाव में 520 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 570 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। चांदी के भाव में भी आज 5,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की मजबूती दर्ज की गई है। सोने की कीमत में हुए बदलाव के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,40,770 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,44,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,29,040 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,32,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,40,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,40,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,29,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,40,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,29,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,40,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,29,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

### सीएसएम टेक्नोलॉजीज के शेयरों ने निवेशकों को दिया झटका, फ्लैट लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

**एजेंसी, नई दिल्ली** । आईटी सॉल्यूशन प्रोवाइडर सीएसएम टेक्नोलॉजीज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 113 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी उतार चढ़ाव के 113 रुपये के स्तर पर ही हुई। लिस्टिंग होने के कुछ देर बाद ही बिकवाली के दबाव की वजह से ये शेयर गिर कर 107.35 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक गिर गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 5.65 रुपये यानी पांच प्रतिशत का नुकसान हो गया। सीएसएम टेक्नोलॉजीज का 145.78 करोड़ रुपये का आईपीओ 24 से 29 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.37 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.02 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.54 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.63 गुना सब्सक्राइब हो सका था। जबकि एंप्लॉयीज के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.82 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 1,29,01,000 नए शेयर जारी किए गए हैं।

## टीवीएस मोटर की जून महीने में बिक्री 47 फीसदी बढ़कर हुई 5.90 लाख इकाई

एजेंसी, नई दिल्ली




देश की तीसरी सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी की जून में कुल बिक्री सालाना आधार पर 47 फीसदी बढ़कर 5,90,003 इकाई हो गई। पिछले वर्ष इसी महीने यह 4,02,001 इकाई रही थी। टीवीएस मोटर ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि मोपेड सहित कुल दोपहिया वाहन की बिक्री 47 फीसदी बढ़कर 5,65,417 इकाई रही, जो जून, 2025 में 3,85,698 इकाई रही थी। घरेलू दोपहिया वाहन बिक्री जून में 46 फीसदी बढ़कर 4,11,014 इकाई रही, जबकि जून, 2025 में यह 2,81,012 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि जून महीने में मोटरसाइकिलों की बिक्री सालाना आधार पर 1,88,774 इकाई से 42 फीसदी बढ़कर 2,67,096 इकाई रही।स्कूटरों की बिक्री 53 फीसदी बढ़कर 2,47,950 इकाई हो गई, जबकि जून, 2025 में यह 1,62,291 इकाई थी। वाहन विनिर्माता कंपनी ने बताया कि उसके इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री तीगुना होकर जून में 48,537 इकाई हो गई, जो जून 2025 में 14,400 इकाई थी। कंपनी ने जून के दौरान 24,586 तिपहिया वाहन भी बेचे। इसी दौरान अंतरराष्ट्रीय कारोबार से कुल बिक्री 47 फीसदी बढ़कर 1,72,355 इकाई रही, जबकि जून, 2025 में यह 1,17,145 इकाई थी। कंपनी की अंतरराष्ट्रीय दोपहिया वाहन बिक्री भी 48 फीसदी बढ़कर 1,54,403 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष इसी महीने में 1,04,686 इकाई थी। टीवीएस मोटर ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 16.31 लाख इकाई की अब तक की सर्वाधिक तिमाही बिक्री दर्ज की है।

फिल्म

# हरे या काले, कौन से अंगूर हैं ज्यादा पौष्टिक?

## आयुर्वेद से जानें दोनों के औषधीय लाभ



अंगूर बहुतायत मात्रा में आसानी से मिल जाते हैं। अंगूर केवल स्वादिष्ट फल नहीं है, बल्कि कई औषधीय गुणों से भरपूर हैं। अंगूर को आयुर्वेद में द्राक्षा कहा जाता है, जो शरीर को शीतलता और पोषण दोनों देता है। हरा अंगूर शरीर में जल-संतुलन और पित्त शमन में सहायक माना जाता है, जबकि काला अंगूर रक्त को पोषण देने और थकान से उबरने में उपयोगी बताया गया है। वहीं विज्ञान ने भी अंगूर को विटामिन से भरपूर पाया है, जो मस्तिष्क से लेकर हृदय तक के लिए लाभकारी है। यह कोशिकाओं की रक्षा करता है और शरीर में ऊर्जा का प्रसार भी तेजी से करता है। पहले विस्तार में बात करते हैं हरे अंगूर की। हरे अंगूर स्वाद में मधुर और पाचन में हल्के होते हैं। हरे अंगूर में पित्त को शांत करने की क्षमता होती है। यह शरीर में गर्मियों में होने वाले निर्जलीकरण से बचाते हैं और पेट में होने वाली जलन को भी कम करते हैं। अगर गर्मी में लू लगने का खतरा लगता है, तब भी अंगूर का सेवन गर्म हवा से सुरक्षा प्रदान करता है। वहीं काले अंगूर हरे अंगूर की तुलना में ज्यादा पौष्टिक और औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। काले अंगूर का सेवन शरीर में रक्त की मात्रा को बढ़ाता है और बल भी प्रदान करता है। काले अंगूर स्किन को साफ करने और बालों को चमकदार बनाने में भी सहायक हैं। काले अंगूर में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं तो शरीर की आंतरिक कमजोरी और थकावट को भी दूर करते हैं और विटामिन सी और ई मिलकर बालों और स्किन को निखारने का काम करते हैं। अब सवाल है कि अंगूर खाने का सही समय क्या है। वैसे आमतौर पर फल को कभी भी खा लिया जाता है, जो गलत है। अंगूर का सेवन सुबह और दोपहर में कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रखने वाली बात यह है कि अंगूर का सेवन खाली पेट नहीं करना चाहिए। विटामिन सी होने की वजह से ये पेट में जलन पैदा कर सकते हैं।



# आईने के सामने खुद को देख रो पड़ती थीं अविका गौर

## 13 किलो वजन घटाकर किया असली ट्रांसफॉर्मेशन





अभिनेत्री अविका गौर ने टीवी स्क्रीन पर मासूम आनंदी बनकर घर-घर में पहचान बनाई, लेकिन एक समय उन्हें अपनी जिंदगी में खुद से लड़ाई लड़नी पड़ी थी। वह आईने में खुद को देखकर रो पड़ती थीं। मुंबई में जन्मीं अविका गौर ने बहुत छोटी उम्र में अभिनय की दुनिया में कदम रखा। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में काम करना शुरू किया। 2007 में उन्होंने शश्श्श...कोई है से छोटे रोल के जरिए टीवी डेब्यू किया, लेकिन असली पहचान उन्हें 2008 में आए शो बालिका वधू से मिली। इस शो में उन्होंने छोटी आनंदी का किरदार निभाया, जो एक बाल विवाह की कहानी पर आधारित था। उनके मासूम अभिनय ने दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी और वह बहुत जल्दी घर-घर में पहचानी जाने लगीं। इसके बाद अविका ने ससुराल सिमर का में रोली का किरदार निभाया, जिसमें उन्होंने एक शादीशुदा लड़की की भूमिका निभाई। यह रोल उन्होंने सिर्फ 14 साल की उम्र में किया था। इस शो ने भी उन्हें काफी लोकप्रियता दिलाई। इसमें उनकी और अभिनेता मनीष रायसिंघन की ऑन-स्क्रीन जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। टेलीविजन की सफलता के बाद अविका ने फिल्मों की ओर रुख किया। उन्होंने 2009 में मॉर्निंग वॉक और पाठशाला जैसी फिल्मों में काम किया। इसके बाद 2013 में तेलुगु फिल्म उय्याला जम्पला से उन्होंने लीड एक्ट्रेस के तौर पर डेब्यू किया, जिसके लिए उन्हें एसआईआईएमए अवॉर्ड फॉर बेस्ट फीमेल डेब्यू मिला। यह उनके करियर का बड़ा मोड़ साबित हुआ। उन्होंने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई। एक समय ऐसा भी आया जब अविका अपने शरीर और आत्मविश्वास को लेकर संघर्ष कर रही थीं। उन्होंने खुद बताया था कि एक समय वह आईने में खुद को देखकर टूट गई थीं और रो पड़ी थीं। उन्हें अपना बढ़ा हुआ वजन और बदलता लुक स्वीकार करना मुश्किल लग रहा था। इस मानसिक संघर्ष ने उनकी सोच को बदल दिया। इसके बाद उन्होंने अपनी जिंदगी को बदलने का फैसला किया। उन्होंने हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाया, नियमित वर्कआउट शुरू किया और अपनी डाइट पर ध्यान देना शुरू किया। इस बदलाव के जरिए उन्होंने करीब 13 किलो वजन कम किया और खोया हुआ आत्मविश्वास वापस पाया। उन्होंने कहा था कि पहली बार उन्होंने खुद को वैसे स्वीकार करना सीखा जैसा वह हैं। इसी बीच अविका ने रियलिटी शोज जैसे खतरों के खिलाड़ी 9 और दूसरे टीवी प्रोजेक्ट्स में भी हिस्सा लिया। उन्होंने 1920: हॉरर्स ऑफ द हार्ट जैसी फिल्मों में भी काम किया, जिसमें वह लीड रोल में नजर आईं। अपने करियर में अविका गौर ने कई अवॉर्ड्स हासिल किए, जिनमें आईटीए सर्टिफिकेट और एसआईआईएमए अवॉर्ड शामिल हैं।

# कैरी ऑन जट्टा 4 ने मंडे टेस्ट किया पास, कॉकटेल 2 का दम बरकरार, मां इंति बंगारम और मैं वापस आऊंगा ने भी बनाए रखा दबदबा

पंजाबी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्म श्रृंखला कैरी ऑन जट्टा की चौथी कड़ी कैरी ऑन जट्टा 4 बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल, सरगुन मेहता और बिन्नू ढिल्लों अभिनीत इस फिल्म ने सप्ताह के पहले कार्यदिवस यानी सोमवार की परीक्षा भी सफलतापूर्वक पार कर ली है। अन्य बड़ी फिल्मों से मुकाबले के बावजूद दर्शकों का अच्छा समर्थन मिलने से फिल्म की कमाई लगातार बढ़ रही है।

रिलीज के शुरुआती तीन दिनों में शानदार प्रदर्शन करने के बाद सोमवार को फिल्म की कमाई में सामान्य गिरावट दर्ज की गई, लेकिन इसके बावजूद फिल्म ने संतोषजनक कारोबार किया। ट्रेड रिपोर्ट के अनुसार फिल्म ने रिलीज के चौथे दिन यानी सोमवार को करीब 1.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसके साथ ही चार दिनों में फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस संग्रह 9.20 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना अभिनीत कॉकटेल 2 दूसरे सप्ताहांत में भी शानदार प्रदर्शन करने में सफल रही। फिल्म ने दूसरे शनिवार को 4.25 करोड़ रुपये और रविवार को 4.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया। सोमवार को कमाई में सामान्य गिरावट के बावजूद फिल्म ने 1.75 करोड़ रुपये का संग्रह किया। इसके साथ ही रिलीज के 11 दिनों में फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 84.89 करोड़ रुपये पहुंच गया है। फिल्म तेजी से 100 करोड़ रुपये के क्लब की ओर बढ़ रही है। सामंथा रुथ प्रभु अभिनीत मां इंति बंगारम भी दर्शकों की पसंद बनी हुई है। फिल्म ने पहले सप्ताह में 33.70 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इसके बाद दूसरे सप्ताहांत में भी इसकी कमाई मजबूत रही। दूसरे सोमवार को फिल्म ने 1.60 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिससे इसका 11 दिनों का कुल भारतीय नेट कलेक्शन 49.85 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म जल्द ही 50 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करने की ओर बढ़ रही है। निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा तीसरे सप्ताह में भी बॉक्स ऑफिस पर मजबूती से टिकी हुई है। नई फिल्मों की रिलीज के बावजूद फिल्म ने अपनी पकड़ बनाए रखी है। रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार को फिल्म ने 1.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसके साथ ही फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस संग्रह 47.80 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।



# द इंडिया स्टोरी का टीजर जारी

## खाने में छिपे रसायनों के खेल को बेनकाब करेगी फिल्म





काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की चर्चित फिल्म द इंडिया स्टोरी का टीजर आ गया है। यह भारत देश में रहने वाले हर परिवार के खाने का कड़वा सच बयां करता है, जिसके बारे में लोग कम जानते हैं। इसका निर्देशन चेट्टन डीके ने किया है, जबकि निर्माता व लेखक सागर बी शिंदे हैं। काजल और श्रेयस की यह फिल्म देश में बढ़ती कीटनाशक खेती और उसके समाज पर पड़ रहे गंभीर प्रभावों को उजागर करने का वादा करती है। टीजर की शुरुआत काजल से होती है, जो एक वकील के किरदार में हैं। वह कोर्ट को बताती हैं कि कैसे ज्यादा मुनाफे के चक्कर में सब्जियों, फलों और दूध जैसी रोजमर्रा की चीजों में हानिकारक रसायनों का इस्तेमाल हो रहा है। इसके कारण रोजाना खाया जाने वाला खाना ही धीमे जहर की तरह काम कर रहा है। फिल्म में मनीष वाधवा और मुरली शर्मा भी शामिल हैं। टीजर में यह भी दिखाया गया है कि मिलावटी और जहरीला खाना खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं और अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। 'द इंडिया स्टोरी का टीजर एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जिसमें आज के मुद्दे होंगे। इसमें दिखाया जाएगा कि खाने-पीने की चीजों में कैसे मिलावट की जाती और यह हमें कैसे बीमार कर रहा है। यह फिल्म लोगों को सोचने पर मजबूर करेगी और जागरूक करेगी। टीजर में किसी भी मुख्य कलाकार को नहीं दिखाया गया है। इसमें खाने-पीने में मिलावट की तस्वीरें और वीडियो दिखाई गई हैं। टीजर के आखिर में बताया गया है कि यह फिल्म 24 जुलाई को रिलीज होगी। इसके निर्देशक चेतन डीके हैं। इस फिल्म के अलावा श्रेयस जल्द ही 'गोलमाल 5 में भी दिखाई देंगे। इसमें अजय देवगन भी हैं। यह 24 जुलाई को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी।

# बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी ने स्वीकारा रिश्ता?

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी के साथ रिश्ते को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों को अक्षय कुमार की मल्टीस्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल की स्क्रीनिंग पर एक साथ देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक वीडियो में श्रद्धा और राहुल काफी खुश और हंसते हुए नजर आ रहे थे, जिसे उनके फैंस ने कैद कर लिया। पिछले काफी समय से यह दोनों हर जगह साथ दिख रहे थे, लेकिन उन्होंने कभी भी अपने रिश्ते की आधिकारिक पुष्टि नहीं की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कपल 2024 से रिलेशनशिप में है। श्रद्धा कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो, वह जल्द ही फिल्म ईथा में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। यह फिल्म भारत की प्रसिद्ध तमाशा कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित है। हाल ही में रिलीज हुए फिल्म के टीज़र को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें श्रद्धा कपूर का दमदार और नया लुक काफी चर्चा में है। इस सार्वजनिक उपस्थिति से उनके फैंस के बीच उनके रिश्ते को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है।





# राघव जुयाल हीरो बनकर करेंगे धमाका, भाई तेरा स्टार है का मोशन पोस्टर हुआ जारी

एक्टर राघव जुयाल ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से बॉलीवुड में अलग पहचान बना ली है। एक्टर राघव जुयाल ने एक से एक फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेर दिया है। हाल ही में वो अर्यान खान की सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड में भी नजर आए थे। इस सीरीज को देखकर लोग गदगद हो गए। इस बीच राघव जुयाल की अपकमिंग फिल्म को लेकर अपडेट सामने आया है। राघव जुयाल की नई फिल्म भाई तेरा स्टार है का पोस्टर सामने आ गया है, जो कि इंटरनेट पर हर तरफ वायरल हो रहा है। एक्टर राघव जुयाल ने अपनी नई फिल्म भाई तेरा स्टार है से अपना फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि फिल्म का टीजर भी जल्द रिलीज किया जाएगा। पोस्टर में राघव अजय सिंह के किरदार में नजर आ रहे हैं, जो बड़े सपने देखने वाला और खुद पर पूरा भरोसा रखने वाला एक युवा है। राघव जुयाल ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, बॉलीवुड, तैयार हो जाओ। एक नया स्टार आ रहा है। टैलेंट लोडिंग... टीजर जल्द आ रहा है। पोस्टर में राघव के किरदार अजय सिंह के साथ टैलेंट लोडिंग... लिखा हुआ है। इससे इशारा मिलता है कि फिल्म एक ऐसे लड़के की कहानी दिखाएगी, जो बड़े सपने देखता है और अपनी मेहनत से स्टार बनने की कोशिश करता है। बता दें कि इस फिल्म का निर्देशन विवेक बी अग्रवाल ने किया है। इसकी कहानी सुदीप्तो सरकार और विवेक बी अग्रवाल ने लिखी है। फिल्म को अवंतिका हरि, सुनील रुपानी और विवेक बी अग्रवाल ने प्रोड्यूस किया है। भाई तेरा स्टार है में राघव जुयाल के साथ निहारिका एनएम लीड रोल में नजर आएंगी। वहीं संजय कपूर, निकी वालिया, विवान भटेना और बरखा सिंह भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। राघव जुयाल ने अपने करियर की शुरुआत एक डांसर के तौर पर की थी। बाद में उन्होंने एक्टिंग में भी अपनी अलग पहचान बना ली है।

# Air Marshal Dixit, Lt Gen Jain take charge as Vice Chiefs of IAF, Army

**New Delhi, Agency:** Air Marshal Ashutosh Dixit on Wednesday took over as Vice Chief of the Indian Air Force, while Lt Gen Sandeep Jain assumed charge as the Vice Chief of the Army.

Lt Gen Jain, an alumnus of the National Defence Academy, was commissioned into the MAHAR Regiment in June 1988. He has nearly four decades of service and has held a wide range of command and staff appointments across diverse operational environments.

Lt Gen Jain has commanded an Infantry Battalion, served with the United Nations Mission in South Sudan, and led an infantry brigade in a Strike Corps, a Counter Insurgency



Force and a Pivot Corps in the Northern Command.

His operational experience includes participation in Operation Pawan in Sri Lanka, besides multiple tenures in high-altitude areas and counter-insurgency operations along the Line of Control and in the North East. Lt Gen Jain was the Southern Army Commander in his previous posting. Air Marshal Ashutosh Dixit, a fighter pilot with more than 3,500 hours of flying experience, will notably be the senior-most officer in line when the present IAF Chief Air Chief Marshal AP Singh superannuates in October this year. In his previous appointment as Chief of Integrated Defence Staff - a tri-services organisation under the Chief of Defence Staff - Air Marshal Dixit was part of the process of enhancing jointness and setting up the theatre commands. He has extensive flying experience on various aircraft, including the Mirage-2000, MiG variants, Jaguar, Tejas and Hawk. He has also flown the AN-32 and Avro transport aircraft. He is an experimental test pilot and a qualified flying instructor. During his service career spanning nearly four decades, he has been actively involved in numerous operations and exercises, including Operation Safed Sagar during the 1999 Kargil conflict and Operation Sindoor in 2025.

During his career, Air Marshal Dixit commanded a frontline fighter air base in the Western Sector and a premier fighter training base in the Southern Sector.

# EPF contributions above Rs 1800/month to be voluntary




**New Delhi, Agency:** In an overhaul of provident fund rules for nearly eight crore active members, Employees Provident Fund Organisation (EPFO) has said 12% contribution up to the statutory wage ceiling, which is currently at Rs 15,000 a month, is mandatory. Any contribution above that will be treated as voluntary. Even if your basic salary is Rs 1 lakh a month, Rs 1,800 will be deducted towards your PF contribution - along with a matching contribution by the employer. But you will also have the option to park the amount out of the remaining salary towards retirement savings.

"An employee may opt to contribute, on a voluntary basis, an additional contribution on wages exceeding the statutory wage ceiling at statutory rate or at any rate in excess of statutory rate," according to provisions of the Employees' Provident Funds Scheme, 2026 notified Wednesday.

Employers have the option - not an obligation - to match these additional voluntary contributions, and both the employees and employers can reduce or discontinue such additional voluntary contributions at any time. An official told TOI, "The flexibility introduced in the scheme is to provide greater autonomy to the contributing members for their retirement savings. These provisions have been discussed extensively in the central board of trustee meetings (CBT) and have been made with their concurrence and align with the objectives of the new labour codes."

Given that most private sector employees and employers have a cost-to-company relationship, salaries may be restructured, allowing both sides to work out an arrangement that is beneficial to the EPFO subscriber.

The provision regarding coverage, however, remains unchanged as the new scheme provides continuity of membership by specifically stating that employees who were members under the earlier scheme will continue as members.

The new scheme implements the changes related to withdrawals which were approved by the Central Board of Trustees last Oct . These changes include increasing the number of withdrawals that can be made in a year and streamlining the categories for drawing out advance funds, from 13 to just three - essential needs (illness, education, marriage); housing needs; and special circumstances.EPFO has also approved advance withdrawal up to 100% of the 'eligible balance' in the PF, including employee and employer share, with members now required to always maintain 25% of the contributions in their accounts as the minimum balance.



## VB-G RAM G ends MGNREGA's legal employment guarantee, says Congress

**New Delhi, Agency:** After the Centre notified the Viksit Bharat-Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) (VB-G RAM G) Act, 2025, the Congress on Wednesday alleged that the new framework replaced the rights-based architecture of MGNREGA with a programme tied to budget allocations and government approvals.

The party argued that under the new model, employment would no longer flow from demand raised by workers, but from labour budgets approved in advance, expenditure ceilings fixed by the Centre and the financial capacity of state governments. The criticism sharpened after the government also notified daily wage rates under the new scheme, with wages in most states remaining around Rs 300 per day.

Calling the rates "unjustifiably low", Congress general secretary Jairam Ramesh said the new rates ignored both expert recommendations and the rising cost of living.

## Manoharpura becomes 2nd Multi-Lane Free Flow toll plaza on Delhi-Jaipur NH-48



**New Delhi, Agency:** The National Highways Authority of India (NHAI) has accelerated the transformation of India's electronic toll collection system with the launch of Multi-Lane Free Flow (MLFF) at the Manoharpura Toll Plaza on the Delhi-Jaipur section of NH-48 in Rajasthan.

The latest rollout marks another significant step towards enabling seamless, barrier-free highway travel by eliminating the need for vehicles to stop at toll plazas, thereby reducing travel time, congestion and fuel consumption. The launch at Manoharpura follows the successful commissioning of Rajasthan's first MLFF tolling system at Daulatpura Toll Plaza on the Delhi-Jaipur Section on 19th June. Following the launch at Manoharpura, NHAI is also planning to transit the toll plaza at Shahjahanpur to the MLFF system, making commuting on the busy Delhi-Jaipur section of NH-48 seamless and

# Parliament panel to adopt report on bill to sack PM, CMs on July 17

**New Delhi, Agency:** A parliamentary committee scrutinising the anti-corruption bill, which seeks automatic removal of PM, CMs and ministers if they are in detention for 30 days on serious criminal charges, is likely to adopt its report with certain amendments that may tweak some of its more contentious provisions on July 17, opening the path for govt to push for its passage in Parliament's monsoon session. With opposition vehemently against the Constitution (130th Amendment) Bill alleging that it is aimed at their state govts, it remains to be seen if the BJP-led NDA dispensation at the Centre can pull off the two-thirds majority in Parliament, especially in Lok Sabha, needed to pass the proposed law.

While the committee head-



ed by BJP MP Aparajita Sarangi is likely to finalise its report in the coming days, a few MPs are of the view that the panel may reconsider the key provision of linking the removal of top authorities to 30 days of detention and introduce some safeguards, a view conveyed by some law experts and bodies as well in their opinions to the panel.

Sarangi emphasised th-at everybody had appreciated govt's intent to uphold constitutional morality. "Nobody has opposed the main idea of the bill. People have given suggestions and very positive recommendations," she told Media. So unbending has been opposition's denunciation of the bill that most of them, including Congress, SP, TMC and DMK, refused to join the joint committee, which generally includes representation from across the board. Two opposition MPs in the committee are AIMIM's Asaduddin Owaisi and NCP - SP's Supriya Sule.

Home minister Amit Shah, who had introduced the bill in Aug last year, has vigorously defended the bill, arguing that PM, CMs or ministers cannot be allowed to run their office from jail, a clear reference to former Delhi CM Arvind Kejriwal and V Senthil Balaji, a minister in DMK govt in Tamil Nadu.

## Mehbooba Mufti to pay final tribute to Ayatollah Khamenei after receiving invitation from Iran

**New Delhi, Agency:** Peoples Democratic Party (PDP) president Mehbooba Mufti is set to travel to Iran to pay final tributes to the country's slain supreme leader Ayatollah Ali Khamenei after receiving an official invitation to attend his funeral.

Mohseen Qummi, Director of the International Relations Department at the office of the Supreme Leader of the Islamic Republic of Iran, has extended a formal invitation to Mehbooba to attend the solemn funeral ceremony as a distinguished guest of India.

"It is an immense honour for me and a once-in-a-lifetime opportunity to receive this invitation (from Iran). I will travel there to



pay my last respects to the supreme leader," the PDP chief told PTI. In the invitation letter, it was stated that Grand Ayatollah Seyyed Ali Khamenei was killed on February 28, and in accordance with the national period of mourning and the protocols of the Islamic Republic, a state funeral ceremony would be held in Tehran from July 3 to 6.

# NET Sociology paper leaves candidates lost in typos



**New Delhi, Agency:** The UGC-NET paper meant to test sociology candidates has itself come under scrutiny, with aspirants alleging that the June 30 exam was riddled with spelling errors, garbled names of key thinkers, awkward Hindi translations and questions that appeared disconnected from the prescribed syllabus.Candidates alleged that names and terms central to sociology were mangled in the question paper: "Ritzer" appeared as "Putzer", "social" as "oval", "Parsons" as "Parsow", "Ghurye" as "Ghunye", "A R Desai" as "A K Desai" and "Nussbaum" as "Nusbaut". They claimed the errors were not isolated typos but part of a larger problem of poor paper-setting and inadequate quality checks in a national eligibility examination conducted by NTA. Several candidates who appeared for the sociology paper alleged that the questions had spelling mistakes, grammatical errors, weak Hindi translations and confusing phrasing, making parts of the paper difficult to comprehend.

Candidate Antara Chakrabarty took to X to allege that the paper had "crossed all limits of academic deceit and accountability". She claimed the paper asked questions that appeared AI-generated and included "random thinkers and books" not associated with the syllabus. "Not even getting started on the irregularity of the paper asking AI-generated questions, random thinkers and books not even remotely associated with the syllabus provided. This is where the last nail in the coffin comes. 50% of the paper had terrible spelling errors and grammatically disastrous sentence formation," she wrote.

Listing the alleged errors, she added: "Thinkers like 'Ritzer' was replaced as 'Putzer', 'social' was given as 'oval', 'Parsons' as 'Parsow', 'Ghurye' as 'Ghunye', 'A R Desai as 'A K Desai', 'Nussbaum' as 'Nusbaut' and many more.

## UD ministry sends eviction notice to Gymkhana Club

**New Delhi, Agency:** The Centre has issued an eviction notice to the Delhi Gymkhana Club, saying that the club is in "unauthorised occupation of public premises" since the land lease ended on May 22. The Land and Development Office (L&DO) under the housing and urban affairs ministry, in the show-cause notice to the club, has sought an explanation why eviction order



should not be passed against it.

Invoking the provisions of Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Act, L&DO has asked the club and all persons concerned occupying the premises to submit their response by July 7 and appear for a personal hearing on that day at 2.30pm. The govt's move to get back the 27.3 acre land parcel comes over a month after the Centre told Delhi HC on May 26 that it won't take forceful possession by June 5 (as per its earlier notice) and that the eviction proceedings would only be initiated in accordance with the law and after giving due notice.

# India needs national strategy to improve access to new cancer therapies: Experts

**New Delhi, Agency:** India needs a coordinated national strategy to bridge the gap between breakthrough cancer treatments and patient access, ensuring that scientific advances benefit every eligible patient, leading oncologists, cancer survivors and public health experts said on Wednesday.

Speaking at a media roundtable on "Bridging Innovation and Affordability in Cancer Care", organised by the Indian Cancer Society



(ICS), the experts said that although cancer treatment has advanced significantly, access remains limited due to high costs, inadequate insurance coverage, limited diagnostic facilities and unequal healthcare infrastructure. The roundtable, held during Cancer Survivor Month, brought together oncologists and cancer survivors to discuss ways to make innovations in cancer care more affordable and accessible across India. Jyotsna Govil, chairperson of the Indian Cancer Society, said cancer care is entering a new era of scientific innovation, but the challenge is ensuring these advances reach every patient who can benefit.

"Through dialogues like these, we hope to encourage informed public conversations that help improve access to quality cancer care while keeping patients at the centre of every decision," she said.